सूर्योदय : 06.26 बजे
सूर्यास्त : 05.34 बजे
सोमवार, 21 नवम्बर 2022
वर्ष-2-अंक 324
मूल्य 2 पृष्ठ 8
e-mail: aknewstv2@gmail.com
RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक
# अमर ख्याल
जुनून सच का
(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित



## खास खबर

### भारत जोड़ो यात्रा 23 नवंबर को मप्र में प्रवेश करेगी

**भोपाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा 23 नवंबर को महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश पहुंचेगी। पार्टी के एक प्रदेश पदाधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को महाराष्ट्र में संवाददाताओं से कहा कि यात्रा महाराष्ट्र में 21 और 22 नवंबर को विश्राम करेगी और 23 नवंबर को मध्यप्रदेश के लिए रवाना होगी। उन्होंने कहा कि पहले यह यात्रा 20 नवंबर को महाराष्ट्र से मप्र में प्रवेश करने वाली थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अब 21 नवंबर को गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करेंगे।

### अनंतनाग में लश्कर का हाइब्रिड आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक हाइब्रिड आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने बताया कि उक्त आतंकवादी को पुलिस दल एक आतंकवादी ठिकाने की पहचान के लिए क्षेत्र में ले गया था।

हाइब्रिड आतंकवादी उन गैर-सूचीबद्ध आतंकवादियों को कहा जाता है, जो आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के बाद अकसर बिना कोई निशान छोड़े नियमित जीवन जीने लगते हैं।

### राजनाथ सिंह 23 को कंबोडिया में आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम-प्लस) और भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए 22 से 23 नवंबर तक कंबोडिया की यात्रा करेंगे।रक्षा मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा कि सिंह कंबोडिया के उप प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय रक्षा मंत्री समदेच पिचे सेना टीईए बान्ह के निमंत्रण पर दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे।

## जरा हट के... बग्गा




# कांग्रेस के पास विकास का कोई नक्शा नहीं, उस पर अपना वोट बर्बाद न करें

## पीएम ने गुजरात दौरे के दूसरे दिन सौराष्ट्र क्षेत्र के अमरेली में रैली को संबोधित किया

■ अमरेली (गुजरात)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के अमरेली जिले के लोगों से अपील की कि वे अगले महीने होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में अपना वोट कांग्रेस पर बर्बाद नहीं करें क्योंकि उसके पास विकास की कोई रूपरेखा नहीं है। मोदी ने लोगों से कहा कि वे अपना वोट भाजपा को दें। अपने दौरे के दूसरे दिन सौराष्ट्र क्षेत्र के अमरेली शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि विपक्षी दल कभी भी इस क्षेत्र के लिए कुछ भी अच्छा नहीं कर सकता। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने 2017 के विधानसभा चुनाव में अमरेली जिले की सभी पांच विधानसभा सीटों - धारी, अमरेली, लाठी, सावरकुंडला और राजुला में जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। भाजपा सरकार ने गुजरात को मजबूत करने के लिए कई काम किए हैं। अब, एक बड़ी छलांग लगाने का समय है और कांग्रेस में ऐसा करने की क्षमता नहीं है। विपक्षी दल कभी भी आपके लिए कुछ भी अच्छा नहीं कर सकता।आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि कांग्रेस का कोई नेता विकास के रास्ते पर ले जाएगा, कांग्रेस के किसी नेता से पूछिए कि विकास की रूपरेखा क्या है तो उनके पास कोई योजना नहीं है। मोदी ने कहा, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत गुजरात के 60 लाख किसानों को 12,000 करोड़ रुपए मिले हैं। आप कांग्रेस से ऐसी चीजों की उम्मीद नहीं कर सकते। बस कांग्रेस के किसी भी नेता से पूछें कि विकास के लिए क्या रूपरेखा है,उनके पास जवाब नहीं होगा।



### निर्दलीय के रूप में नामांकन करने वाले सात को भाजपा ने निलंबित किया

**अहमदाबाद।** गुजरात में सत्तारूढ़ भाजपा ने रविवार को दो पूर्व विधायकों सहित अपने सात नेताओं को आगामी राज्य विधानसभा चुनाव के लिए निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करने पर निलंबित कर दिया। ये सात नेता जिन सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं, वहां एक दिसंबर को पहले चरण में मतदान होगा। भाजपा से टिकट न मिलने पर इन लोगों ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया है।पार्टी ने 2012 में केशोद निर्वाचन क्षेत्र से जीतने वाले अरविंद लाडानी और नंदोद अनुसूचित जनजाति-आरक्षित सीट से हर्षद वसावा को इन सीट पर निर्दलीय के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किए जाने के बाद निलंबित कर दिया। पार्टी ने ध्रांगध्रा सीट से निर्दलीय के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करने वाले सुरेंद्रनगर के जिला पंचायत सदस्य छतरसिंह गुंजरिया को भी निलंबित कर दिया। अन्य निलंबित नेताओं में केतन पटेल, भरत चावड़ा, उदय शाह और करण बरैया शामिल हैं, जिन्होंने क्रमशः पारडी, राजकोट, वेरावल और राजुला सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

### मोदी ने भारत जोड़ो यात्रा में मेधा पाटकर के शामिल होने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की

**धोराजी (गुजरात)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सवाल किया कि कांग्रेस किस नैतिक आधार पर गुजरात में वोट मांग रही है, जब उसके नेता की भारत जोड़ो यात्रा में वह महिला शामिल हुई जिसने तीन दशकों तक नर्मदा बांध परियोजना को बाधित किया था। मोदी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में की जा रही भारत जोड़ो यात्रा में शनिवार को महाराष्ट्र में नर्मदा बचाओ आंदोलन की कार्यकर्ता मेधा पाटकर के शामिल होने का संदर्भ देते हुए यह कहा। राजकोट जिला स्थित धोराजी नगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बांध बनाने की महत्वाकांक्षी परियोजना में इसलिए देरी हुई कि कई लोगों ने इसे रोकने की बहुत कोशिश की।उन्होंने कहा, कच्छ और काठियावाड़ (सौराष्ट्र क्षेत्र) को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नर्मदा परियोजना ही एकमात्र समाधान थी। आपने कल देखा होगा कि कैसे कांग्रेस के एक नेता उस महिला के साथ पदयात्रा कर रहे थे, जो सरदार सरोवर बांध विरोधी कार्यकर्ता थी। उन्होंने कानूनी बाधाएं पैदा कर तीन दशकों तक परियोजना रूकवा दी। पीएम ने कहा, इन कार्यकर्ताओं ने इसलिए प्रदर्शन किया कि यहां पानी नहीं पहुंचे। उन्होंने गुजरात को इस हद तक बदनाम करने का आरोप लगाया कि विश्व बैंक ने भी इस परियोजना के लिए वित्त मुहैया करना रोक दिया था।

## भारत जोड़ो यात्रा

### मोदी सरकार आदिवासियों के लिए बनाए कानूनों को कमजोर कर रही है

एजेंसी ■ बुलढाणा (महाराष्ट्र)



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार आदिवासियों को सशक्त करने के लिए संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) द्वारा बनाए कानूनों को कमजोर कर रही है और उनकी पार्टी फिर से सत्ता में आने के बाद उन्हें मजबूत करेगी।

महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में जलगांव-जामोद में आदिवासी महिला वर्कर्स सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि आदिवासी देश के पहले मालिक हैं और अन्य नागरिकों की तरह उनके समान अधिकार हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पंचायतों (अनुसूचित इलाकों का विस्तार) अधिनियम, वन अधिकार कानून, भूमि अधिकार, पंचायत राज कानून और स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण जैसे कानूनों को कमजोर कर रही है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आदिवासियों को वनवासी बुलाते हैं। आदिवासी और वनवासी शब्दों के अलग-अलग अर्थ हैं। उन्होंने कहा, वनवासी मतलब है कि आप केवल जंगलों में रह सकते हैं, शहरों में नहीं, आप डॉक्टर और इंजीनियर नहीं बन सकते तथा विमान से यात्रा नहीं कर सकते।

#### आदिवासियों की जमीन मोदी जी उद्योगपति दोस्तों को दे रहे हैं

गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आदिवासियों की जमीन को छीनना तथा इसे उद्योगपति दोस्तों को देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, जब हम सत्ता में आएंगे तो हम इन कानूनों को मजबूत करेंगे और आपकी भलाई के लिए नए कानून बनाएंगे। गांधी ने कहा कि उनकी दादी (पूर्व प्रधानमंत्री) इंदिरा गांधी कहती थीं कि आदिवासी देश के पहले मालिक हैं। उन्होंने कहा, अगर आप आदिवासियों की संस्कृति और इतिहास को नहीं समझते हैं, तो आप देश को नहीं समझ पाएंगे।

## भारत जोड़ो यात्रा राष्ट्रीय राजनीति के लिए क्रांतिकारी क्षण : जयराम रमेश

एजेंसी ■ बुलढाना



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि भारत जोड़ो यात्रा राष्ट्रीय राजनीति और पार्टी के लिए एक क्रांतिकारी क्षण है तथा इसे चुनावी सफलता में तब्दील करने में कुछ समय लगेगा। महाराष्ट्र में पदयात्रा के अंतिम दिन संवाददाताओं को संबोधित करते हुए रमेश ने दावा किया कि लोग एक विकल्प की तलाश कर रहे हैं तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से निजात पाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस एक मात्र विचारधारा है, जो भाजपा और आरएसएस का विकल्प प्रस्तुत करती है। भारत जोड़ो यात्रा राष्ट्रीय राजनीति के लिए एक क्रांतिकारी क्षण है, एक कार्यक्रम नहीं।

रमेश ने कहा कि यात्रा की सफलता को चुनावी सफलता में तब्दील करने में कुछ वक्त लगेगा। यात्रा महाराष्ट्र में 21 और 22 नवंबर को रुकी रहेगी और 23 नवंबर को मध्य प्रदेश की ओर बढ़ेगी। पार्टी ने इससे पहले कहा था कि यात्रा रविवार को मध्य प्रदेश की ओर बढ़ेगी और बुरहानपुर में रात्रि विश्राम करेगी।कांग्रेस के पहले के कार्यक्रम के मुताबिक, यात्रा को सोमवार को विश्राम दिया जाएगा।

### बेटे ने मां की मदद से पिता की हत्या की, छह टुकड़े कर शव ठिकाने लगाया

**बरुईपुर।** श्रद्धा वालकर हत्याकांड की तरह का ही एक मामला पश्चिम बंगाल में सामने आया है जहां एक बेटे ने अपने पिता की हत्या करने के बाद शव के टुकड़े टुकड़े उन्हें अलग अलग जगहों पर फेंक दिया। नौसेना के एक पूर्व कर्मी की हत्या के सिलसिले में उनकी पत्नी और बेटे को गिरफ्तार किया है। आरोपियों का दावा है कि नौसेना के पूर्वी कर्मी उज्ज्वल चक्रवर्ती लगातार उन्हें प्रताड़ित किया करते थे। बेटे ने कथित रूप से गला घोंटकर उनकी हत्या कर दी।

## ईडब्ल्यूएस कोटे से पटेल समुदाय की कई समस्याओं का समाधान हुआ: हार्दिक पटेल

■ अहमदाबाद

भारतीय जनता पार्टी के नेता हार्दिक पटेल का कहना है कि केंद्र द्वारा मौजूदा कोटे में छेड़छाड़ किए बिना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण करने के फैसले से गुजरात में पटेल समुदाय के कई मुद्दे हल हो गए हैं और समुदाय आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा की भारी जीत सुनिश्चित करेगा। गुजरात में 2015 के पाटीदार आरक्षण आंदोलन के अगुआ रहे पटेल ने कहा कि आंदोलन ने 2017 के गुजरात चुनाव में लगभग 20 विधानसभा क्षेत्रों को सीधे प्रभावित किया था। उन्होंने 2017 के चुनावों के दौरान कांग्रेस का समर्थन किया था।



केंद्र ने जनवरी 2019 में संविधान में संशोधन कर सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 फीसदी आरक्षण लागू किया था।उसने एससी, अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणियों की आनुपातिक सीटों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्रदान करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में सीटों की कुल संख्या बढ़ाने के निर्देश भी जारी किए।

## खड़गे ने किसानों को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), मुआवजे और तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन में शामिल होने वाले किसानों के खिलाफ मामलों को वापस लेने संबंधी अपने वादों को पूरा नहीं करने का रविवार को आरोप लगाया।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा के शनिवार को एक साल पूरे होने पर कांग्रेस ने किसानों के साथ एकजुटता प्रकट की थी। खरगे ने ट्वीट किया, किसानों को गाड़ी के नीचे कुचलवाने वाली मोदी सरकार ने किसानों को लागत प्लस 50 प्रतिशत न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं दिया, शहीद 733 किसानों को मुआवजा भी नहीं दिया और उनके खिलाफ मामला भी वापस नहीं लिया। उन्होंने कहा, इन्हीं आश्वासन पर पिछले साल किसानों ने आज ही के दिन किसान विजय दिवस मनाया था। खरगे ने कृषि कानूनों के विरोध का एक वीडियो भी साझा किया।

### *महाराष्ट्र के मुस्लिमों ने वालकर की हत्या की निंदा की*

**जालना।** फेडरेशन ऑफ महाराष्ट्र मुस्लिम (एफएमएम) ने श्रद्धा वालकर की उसके लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला द्वारा कथित तौर पर हत्या किए जाने की निंदा की। एफएमएम में अलग अलग मुस्लिम संगठन शामिल हैं। पूनावाला ने 18 मई को वालकर की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उसके शव के 35 टुकड़े करके उन्हें दक्षिण दिल्ली के महरौली स्थित अपने आवास पर लगभग तीन सप्ताह तक 300 लीटर के फ्रिज में रखा था।

## ममता बनर्जी की पांच दिसंबर को मोदी से मुलाकात की संभावना



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पांच दिसंबर को नई दिल्ली में मुख्यमंत्रियों की बैठक से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने की संभावना है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संभावित बैठक के दौरान बनर्जी केंद्र द्वारा राज्य की बकाया राशि जारी करने के लिए दबाव बना सकती हैं। अधिकारी ने कहा कि वह मोदी के ध्यान में फरक्का बैराज और उसके आसपास के इलाकों में गंगा के कटाव का मुद्दा भी ला सकती हैं। उन्होंने कहा, "बैठक में मुख्यमंत्री के बंगाल में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को लागू करने के लिए लंबित बकाया राशि के मुद्दे को भी उठाए जाने की उम्मीद है। बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य के मालदा, मुर्शिदाबाद और नदिया जिलों में गंगा नदी के तटों पर लगातार हो रहे कटाव पर चिंता व्यक्त की थी।

## गुजरात में सूरत के हीरा श्रमिक चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं

■ सूरत



राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि सूरत में हीरा उद्योग से जुड़े श्रमिक गुजरात की कम से कम छह सीटों पर चुनाव परिणाम को प्रभावित कर सकते हैं, जहां उनकी संख्या अच्छी खासी है। गुजरात में लगभग 15 लाख हीरा कामगार हैं, जिनमें से लगभग सात लाख सूरत की इकाइयों में कार्यरत हैं, जो हीरों को काटने और चमकाने का सबसे बड़ा केंद्र है।

उद्योग के सूत्रों के अनुसार शेष श्रमिक भावनगर, राजकोट, अमरेली, जूनागढ़ और राज्य के कुछ अन्य उत्तरी जिलों में स्थित इकाइयों में कार्यरत हैं। सूरत में हीरा श्रमिकों के प्रतिनिधियों ने पहले ही सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), विपक्षी दल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) से स्थानीय निकाय द्वारा 200 रुपए के पेशेवर कर के बारे में उनकी चिंताओं को उठाने और हीरा उद्योग में श्रम कानूनों को लागू करने की मांग की। विश्लेषकों ने कहा कि इन मतदाताओं ने 2021 में सूरत नगर निगम चुनावों में अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आप को कुल 120 में से 27 सीटें जीतने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और ए मतदाता गुजरात विधानसभा चुनावों में पार्टी की संभावनाओं को प्रभावित कर सकते हैं। गुजरात में विधानसभा चुनाव के लिए एक और पांच दिसंबर को मतदान होगा।राजनीतिक विश्लेषक दिलीप गोहिल ने बताया कि लगभग सात लाख श्रमिक, जिन्हें रत्न कलाकार के नाम से भी जाना जाता है, सूरत शहर में कच्चे हीरों को काटने और चमकाने में लगे हुए हैं। इनमें से ज्यादातर राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र से हैं और पाटीदार समुदाय से हैं।सौराष्ट्र के गैर-पाटीदार समुदायों के कार्यकर्ता भी सूरत में बसे हुए हैं। वे एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं और आपस में उनके बेहतर संबंध हैं... हीरा श्रमिकों के लिए किसी विशेष राजनीतिक दल के लिए समर्थन जुटाना आसान है।

## मांग — शिवाजी महाराज पर टिप्पणी का विरोध

# कांग्रेस ने महाराष्ट्र के राज्यपाल को वापस बुलाने की मांग

एजेंसी ■ बुलढाणा

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को उनकी उन टिप्पणियों को लेकर वापस बुलाने की रविवार को मांग की, जिसमें उन्होंने मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज को पुराने जमाने के आदर्श के रूप में बताया था। पटोले ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से माफी की मांग करते हुए दावा किया कि उसके नेता सुधांशु त्रिवेदी ने शिवाजी महाराज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। पटोले ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस वैचारिक रूप से स्वच्छ महाराष्ट्र के लिए काम करेगी और वह समाज सुधारकों महात्मा फुले, सावित्रीबाई फुले और छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी।



राज्यपाल कोश्यारी ने शनिवार को औरंगाबाद में एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार को डी.लिट की उपाधि से नवाजते हुए महाराष्ट्र में आदर्श लोगों की बात करते हुए बी आर आंबेडकर और गडकरी का जिक्र किया था तथा कहा था कि छत्रपति शिवाजी पुराने जमाने के आदर्श थे।पटोले ने दावा किया कि कोश्यारी ने महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले के खिलाफ भी अपमानजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने शिवाजी महाराज पर टिप्पणियों के लिए राज्यपाल पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने भी यह कहकर छत्रपति शिवाजी महाराज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी कि उन्होंने (शिवाजी महाराज) मुगल बादशाह औरंगजेब से पांच बार माफी मांगी। पटोले ने कहा, इसे सहन नहीं किया जाएगा। भाजपा को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी होगी और राज्यपाल को वापस बुलाना होगा।

स्वतंत्रता सेनानी वी. डी. सावरकर पर टिप्पणियों के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना को लेकर पटोले ने कहा कि राहुल गांधी ने अंग्रेजों से निपटने में प्रतिष्ठित आदिवासी नेता बिरसा मुंडा और सावरकर की विचारधाराओं के बीच तुलना की थी। उन्होंने कहा, यह एक वैचारिक तुलना है। राहुल गांधी विवाद पैदा नहीं करना चाहते थे, लेकिन भाजपा ध्यान हटाना चाहती है। राहुल गांधी ने सावरकर (जब वह जेल में थे) की दया याचिका के दस्तावेजी सबूत भी दिखाए थे। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा, जिस दिन भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) हमारे नेताओं के बारे में झूठ बोलना बंद कर देंगे, हम उनके नेताओं के बारे में सच बताना बंद कर देंगे।

### मैनपुरी लोकसभा सीट सपा से छीन लेगी भाजपा : जयवीर सिंह

**मैनपुरी।** मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव की एकजुटता के बीच उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को दावा किया कि भाजपा उपचुनाव में सपा से यह सीट छीन लेगी। मंत्री ने यह भी कहा कि सपा उम्मीदवार डिंपल यादव को पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र करहल और शिवपाल यादव के निर्वाचन क्षेत्र जसवंतनगर में भी हार का सामना करना पड़ेगा। यहां के लोग सपा की गुंडागर्दी, संपत्तियों पर अवैध कब्जे, महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों और रंगदारी वसूली से परेशान हो चुके हैं।

## सावरकर की चिट्ठी पर हंगामा क्यों

आजादी आंदोलन के दौरान असंख्य, अनाम चेहरों ने भी ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ क्रांति और बग़ावत की लौ जलाए रखी होगी, वे 'शहीद' भी हुए होंगे, उनके नाम 'बोल्ड अक्षरों' में इतिहास में दर्ज नहीं हैं, क्या ऐसे चेहरे देशभक्त स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे? वे इतिहास के लिए नहीं, भारत की आज़ादी के लिए लड़े, क्या आज उनका जिक्र कांग्रेस या कोई अन्य राजनीतिक दल करता है? क्या राहुल गांधी वाली पीढ़ी को उनके ज़िन्दगीनामों या क्रांति के सफरनामों की थोड़ी-सी भी जानकारी है? असंख्य क्रांतिकारी होंगे, जिन्हें स्वतंत्र भारत की सत्ता में भी पेंशन तक नसीब न हो, उनका संज्ञान क्यों न लिया जाए? इस मुद्दे पर बहस छेड़ने या राजनीति करने से क्या हासिल होगा कि विनायक दामोदर सावरकर ने जेल से छूटने के लिए अंग्रेजी हुकूमत को 1911, 1913, 1914, 1918 और 1920 में पांच माफीनामे लिखे थे? कोई एक चिट्ठी लहरा देने से सावरकर अंग्रेजों के पिट्ठू और देशद्रोही करार नहीं दिए जा सकते। यह हरकत राहुल गांधी ही कर सकते थे, लिहाजा उन्होंने ऐसा किया है। उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का 'नौकर' और 'डरपोक' तक माना है। महात्मा गांधी ने एक अख़बार में 26 मई, 1920 को लिखा था कि सावरकर चतुर, बहादुर और देशभक्त हैं, लिहाजा उन्हें माफी दी जानी चाहिए। गांधी लंदन में सावरकर से मिले थे और उनकी क्रांति की सराहना की थी। देश की आज़ादी के बाद प्रधानमंत्री रहीं इंदिरा गांधी ने सावरकर को 'भारत मां का सच्चा सपूत' कहा था। क्या राहुल गांधी अपने पुरखों की टिप्पणियों से भिन्नता रखते हैं? चूंकि राहुल गांधी को इतिहास से कोई सरोकार नहीं है और न ही गहन अध्ययन है, लिहाजा उन्हें यह जानकारी कैसे होती कि महात्मा गांधी भी, सावरकर तथा अन्य की भांति, ब्रिटिश सरकार को लिखे पत्रों में 'ओबेडिएंट' (आज्ञाकारी) शब्द का इस्तेमाल करते थे। शिष्टाचार के भी मायने होते हैं। सावरकर ने महात्मा गांधी, नेहरू, पटेल को कोई धोखा नहीं दिया। राहुल गांधी ने जिस चिट्ठी के जरिए वीर सावरकर को बदनाम करने की कोशिश की है, वह अक्षम्य अपराध होना चाहिए।

> देश की आज़ादी के बाद प्रधानमंत्री रहीं इंदिरा गांधी ने सावरकर को 'भारत मां का सच्चा सपूत' कहा था। क्या राहुल गांधी अपने पुरखों की टिप्पणियों से भिन्नता रखते हैं? चूंकि राहुल गांधी को इतिहास से कोई सरोकार नहीं है और न ही गहन अध्ययन है।

**वैदिक विचार** –स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

### सर्व मित्र

*हते दृंह मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्।*
*मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे। मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे।*
*य 36.18*

र्बलता सबसे बड़ा पाप है। दुर्बल का जग वैरी। दुर्बल पर रोग प्रहार करते हैं, अत्याचारी अत्याचार करते हैं। दुर्बल की श्री और लक्ष्मी का अपहरण होता है। दुर्बल की संपदा विनष्ट होती है। दुर्बल का मित्रताप्रस्ताव उसकी कायरता समझा जाता है। दुर्बल की अहिंसा उसकी नपुंसकता मानी जाती है। दुर्बल रहते हुए यह आशा करना कि संसार हमें मित्र की दृष्टि से देखे दुराशामात्र है। दुर्बल से कोई मित्रता क्यों करे? मित्र कहते हैं स्नेह और मान करने वाले को। केवल स्नेह करने का नाम मित्रता नहीं है। स्नेह के साथ रक्षा करना भी मित्र का धर्म है। दुर्बल स्नेह भले ही करे, रक्षा नहीं कर सकता। इसका एक दूसरा पक्ष भी है। वज्र को कोई ठोकर नहीं मारता, धूलि को सब ठुकराते हैं। प्रबल से सब घबराते हैं और उसकी मित्रता की आकांक्षा करते हैं। मैं वेदानुयायी आर्य हूं। बलवान् बनकर दुर्बलों को सताना आर्यत्व नहीं, दस्युता है, असुरता है। सशक्त होकर मैं न्यायनियन्ता बनूं। मैं प्राणिमात्र की सेवा करूं तथा अन्याय, अत्याचार और दुःख से उनकी रक्षा करूं। मेरे स्नेह और रक्षण से, प्रेम और सेवा से निर्भय और प्रीतिमान् होकर सब प्राणी मुझे मित्र की दृष्टि से देखें। मैं भी सब प्राणियों को मित्र की दृष्टि से देखूं।

**आज का विचार** –डॉ. विनोद दीक्षित

### विद्वान कौन?

जिसकी सार्थक वाणी कहीं रुकती नहीं है ,जो विचित्र तरीके से हैं अपने भाव को प्रकट करता है ,तर्क में पारंगत है और प्रतिभाशाली है तथा ग्रंथों की समीक्षा कर उसके गूढार्थ को शीघ्र बता दें उसे ही विद्वान कहा जाता है।आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो। जय श्री राधे।

**पत्र मिला**

### जस्टिस चंद्रचूड़: उम्मीद की बड़ी किरण

देश के 50वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ लेने के बाद से ही जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ लगातार सक्रिय एवं संकल्पित हैं। वे न्याय-प्रक्रिया की कमियों एवं मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं तो उनमें सुधार के लिये जागरूक दिखाई दे रहे हैं। निश्चित ही उनसे न्यायपालिका में छाये अंधेरे सायों में सुधार रूपी उम्मीद की किरणें दिखाई देने लगी हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में वह पहले ही कई महत्त्वपूर्ण फैसलों के कारण चर्चा में रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में उन्होंने देश की न्यायपालिका के आमूल-चूल स्वरूप में परिवर्तन पर खुलकर जो विचार रखे हैं वे साहसिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े होने के साथ आम लोगों की धारणा से मेल खाते हैं। नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।जस्टिस चंद्रचूड के सामने अनेक चुनौतियां हैं, उनका मार्ग कंटकाकीर्ण है। उनके द्वारा शुरू किये सुधार-अभियान की किसी पहल का विरोध होना स्वाभाविक है। सबसे पहले तो उनको सीजेआई बनने से रोकने के लिए याचिका लगाई गई। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया। न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति के लिए बनाए गए कॉलेजियम सिस्टम पर भी सवाल उठाए गए। कानून मंत्री एक से ज्यादा मौकों पर कॉलेजियम सिस्टम की खामियों को उजागर कर चुके हैं। इस मामले में भी जस्टिस चंद्रचूड़ ने काफी सधा हुआ बयान दिया कि आलोचनाओं को सामने आने देना चाहिए। **राकेश अहीर,नई दिल्ली**

समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र नई दिल्ली होगा। प्रकाशित सामग्री या विज्ञापन से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्रवाई या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है।

# असहमति के सम्मान से समृद्ध होगा लोकतंत्र

**लोकतंत्र जो कि एक संभावना है, एक तानाबाना या जहां कुछ न कुछ घटते रहने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। एक लोकतंत्र को जरूरत है हमारी सक्रिय भागीदारी, सजगता, आलोचनात्मक विचारों की और जरूरी होने पर नेताओं से सवाल करने की क्षमता और हिम्मत की। दूसरे शब्दों में, अपनी सर्वसाधारणता के बावजूद हम विचार, परिकल्पना को और प्रतिबिम्बित कर सकते हैं या अपने मसीहा से सम्मोहित हो सकते हैं।**



**अविजित पाठक**
लेखक वरिष्ठ समाजशास्त्री हैं।

हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी भाषण कला के लिए जाने जाते हैं, पर उनके दो हालिया बयानों ने मुझ जैसे साधारण नागरिक को हैरान-परेशान कर डाला है। एक आम इंसान होने के बावजूद मुझे लोकतंत्र की आत्मा के सम्मान से प्यार है... लोकतंत्र जो कि एक संभावना है, एक तानाबाना या जहां कुछ न कुछ घटते रहने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। एक लोकतंत्र को जरूरत है हमारी सक्रिय भागीदारी, सजगता, आलोचनात्मक विचारों की और जरूरी होने पर नेताओं से सवाल करने की क्षमता और हिम्मत की। दूसरे शब्दों में, अपनी सर्वसाधारणता के बावजूद हम विचार, परिकल्पना को और प्रतिबिम्बित कर सकते हैं या अपने मसीहा से सम्मोहित हो सकते हैं। सच तो यह है कि लोकतंत्र-वाद और आत्ममुग्धता एकदम विपरीत ध्रुव हैं। अपनी साझा नियति को आकार देने के लिए, लोकतंत्र की रक्षार्थ हमारा सक्रिय और समान रूप से भागीदार बने रहना जरूरी है। हां, मैं उदास महसूस करता हूं, ठगा-सा और विस्मित भी, जब हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार के दौरान हाल ही में प्रधानमंत्री के वक्तव्य लोकतंत्र की भावना के अनुकूल तो नहीं थे। सोलन में एक रैली को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की योग्यता और कौशल को सारहीन दर्शाया। उन्होंने कहा : 'वोटरों को उम्मीदवारों के गुणों को याद रखने या फिक्र करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि कमल के फूल को डाली हरेक वोट सीधे मोदी के खाते में बतौर आशीर्वाद आएगी', दूसरे शब्दों में, संदेश यही है:'मोल केवल उन्हीं का है।'

आत्ममुग्धता से भरे ऐसे मत से तीन खतरे हैं। पहला, यह संपूर्ण केंद्रीकरण या सत्ता पर एकाधिकार का संकेतक है। यह एक तरह से 'लोकतांत्रिक रूप से चुने अधिनायकवाद' को समय-समय पर होने वाले चुनावों के जरिए स्थापित करने जैसा है। दूसरा, ये शब्द चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों का मान बढ़ाने वाले भी नहीं हैं। वे उन्हें यह संदेश देना चाहते हैं : 'बतौर एक प्रत्याशी उनका कोई मोल नहीं, उनकी नियति केंद्रीय नेतृत्व की छत्रछाया तले अस्तित्व में है।'

हालांकि यह एकदम अलहदा कहानी है कि क्या इन उम्मीदवारों को अपनी साख का कोई ख्याल है या नहीं? या इससे खुश हैं या फिर जर्मन समाज मनोवैज्ञानिक ऐरिक फ्रॉम्म की परिभाषा के अनुसारः यह कुछेक लौकिक भौतिक लाभों की एवज में अपनी 'आजादी को तजना' है। तीसरा खतरा है, यह कथन मतदाताओं को भी इशारा करता है कि आपको अपने स्थानीय मुद्दों की चिंता करने की जरूरत नहीं है। मुझे और आपको प्रत्याशियों के निजी गुण-दोषों या इतिहास के रिकार्ड की विवेचना करने की भी आवश्यकता नहीं है, हमें उनको सर्वव्यापी सर्वोच्च नेता ही मान लेना चाहिए और बाकी किसी चीज पर ध्यान नहीं देना चाहिए। भीड़ का हिस्सा बनना होगा। अब विचार करें एक अन्य हालिया भाषण का जो उन्होंने आतंकवाद पर 'ज़ीरो टॉलरेंस' नीति को लेकर दिया है। हरियाणा के सूरजकुंड में गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित चिंतन शिविर के एक सत्र को वीडियो कॉल के माध्यम से अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि तमाम किस्म का माओवाद खत्म करना होगा ताकि देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कोई हैरानी नहीं, जब वे कहते हैं, समय आ गया है कि 'अर्बन नैक्सल' के उन्मूलन का ताकि आने वाली पीढ़ियां गुमराह होने से बचें। जबकि माओवाद का इतिहास भी- अन्य कई विचारधाराओं की भांति- जरूरी नहीं शांतिपूर्ण हो। फिर भी बतौर एक साधारण नागरिक, मेरा मानना है कि लोकतंत्र का मतलब अनेकवाद वाला दृष्टिकोण है- विविधतापूर्ण, और यहां तक कि राजनीति, आर्थिक नीतियों और संस्कृति पर विरोधाभासी विचारों से परिपूर्ण और लोकतंत्र का आनंद बहस की कला, दूसरों की सुनने और विवादित मुद्दों पर शांतिपूर्ण माद्दा रखने में है। लिहाजा लोकतंत्र में आपको गांधीवादी और मार्क्सवादी, उदारवादी और समाजवादी, आस्तिक और नास्तिक, चरम-राष्ट्रवादी और वैश्विक भाईचारा या फिर वामपंथी और दक्षिणपंथी मिल जाएंगे। इन सबको सह-अस्तित्व में बने रहने का तब तक अधिकार है जब तक कि न्यूनतम आलोचना सहित, राजनीतिक हिंसा को तजते हुए आपसी संवाद की भावना एवं समझौता बनाए रखें। इसलिए यह पूछा जाना बनता है कि क्या यह जरूरी है कि 'अर्बन नैक्सल' सदा खतरनाक और हिंसा को बढ़ावा देने वाला हो? हो सकता है इनमें कोई शिक्षाविद, अनुसंधानकर्ता और सामाजिक बुद्धिजीवी हो, जो वर्तमान व्यवस्था को वंचितों- आदिवासी, दलित, वनवासी और भूमिहीन गरीबों के नजरिए से देखता हो। या फिर जब चरम-राष्ट्रवादी देशभक्ति का मतलब अपनी अलग सोशल इंजीनियरिंग से लेते हैं। प्रत्येक अलहदा नजरिए वाली आवाज क्या संभावित खतरा या देशविरोधी होती है? हरेक राजनीतिक और वैचारिक मतभेद को आपराधिक कृत्य ठहराने पर सत्तारूढ़ सरकार का चुप्पी साधे रहना, यहां तक कि चहुंओर व्याप्त ढांचागत और सांस्कृतिक हिंसा को वैधता दिए जाने को हम भुगत रहे हैं ... चाहे वह नवउदारवादी हिंसा, सामाजिक-आर्थिक असमानता, चरम-राष्ट्रवादी हिंसा हो या सामंतवादी, जातिगत, पितृसत्तात्मक हिंसा वाली सामाजिक व्यवस्था का बचा-खुचा रूप क्यों न हो? क्या यह 'कलमधारी माओवादी' की छवि का खलनायिकी करना नहीं है, ऐसा करके वे क्या यह संदेश नहीं दे रहे हैं कि हर वह आवाज़, जो वर्तमान हालात पर सवाल उठाती हो, उस पर नज़र रखी जाए? ऐसा लगता है कि जिस पर चाहो, माओवादी या अर्बन नक्सलवादी होने का ठप्पा लगा दो... चाहे एक मानवाधिकार कार्यकर्ता तो दूसरा नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ आंदोलन करने वाला युवा हो। या कोई गांधीवादी पर्यावरण हितकारी कार्यकर्ता, जो हमें विशालकाय परियोजना की एवज में मानवीय एवं पर्यावरणीय नुकसानों से सचेत करता हो या शिक्षा के बढ़ते भगवाकरण पर सवाल उठाने वाला कोई विश्वविद्यालय आचार्य हो।तथापि जैसा कहा जाता है, शीर्ष नेतृत्व की लोकप्रियता बरकरार रहना हैरानकुन है। यह हवा बनाना कि और 'कोई विकल्प नहीं है', मौजूदा काल पर हावी कर दिया प्रचार है। यहीं पर खतरा छिपा है कि आत्ममुग्धों की उभरती जमात के बीच नागरिकों के आलोचनात्मक विचार, वैकल्पिक कल्पनाशीलता और रचनात्मकता की भला कोई जगह है।



## किसने क्या कहा...



भाजपा ने अन्य दलों को चुनाव के समय विकास के बारे में बात करने को बाध्य किया : मोदी



नर्स मरीजों के साथ ऐसा व्यवहार करें कि वे अपनी बीमारी भूल जाएं : योगी



भारत जोड़ो यात्रा राष्ट्रीय राजनीति के लिए क्रांतिकारी क्षण :जयराम रमेश



ईडब्ल्यूएस कोटे से पटेल समुदाय की कई समस्याओं का समाधान हुआ, समुदाय इस बार भाजपा के साथ खड़ा है : हार्दिक पटेल

## कार्टून...




## बेवफाई का वायरस



**व्यंग्य**
**सतपाल**

कुछ तो मजबूरियां रही होंगी, यूं ही कोई बेवफा नहीं होता। काश कि इन पंक्तियों की भावना को समझने की कोई कोशिश करे। यदि हरेक आदमी ईमानदारी से इसे समझे तो न तो कोई गिला, शिकवा रह जाएगा, न ही रहेंगी भांति-भांति की भ्रांतियां। छोटी-छोटी बात पर बड़े-बड़े हादसे हो जाते हैं। पुरानी बात है, केन्द्र की मिली-जुली सरकार को बाहर से समर्थन देने वाली एक बड़ी पार्टी को जब यह महसूस हुआ कि उन पर निगाह रखी जा रही है तो इसी शक मात्र से बड़ी पार्टी ने समर्थन वापस ले लिया और सरकार गिर गई। दोनों ने एक- दूसरे से गलतफहमी दूर करने की कोई कोशिश नहीं की और एक ...दूसरे को बेवफा करार दिया। वफा और बेवफा ऐसे शब्द हैं जिनका मतलब बहुत गहरा है और बहुत हल्का भी। इन दोनों के बीच एक अदृश्य दीवार है। वफा के बाद बेवफाई का आरोप कोई नया नहीं है, बहुत पुराना है। अक्सर यह सुनाई देता है कि मैंने उसके साथ क्या नहीं किया और उसने क्या सिला दिया? आपने जो किया, अच्छा किया, उन्होंने जो किया उनके हिसाब से सही रहा होगा। इसलिए कहते हैं- नेकी कर कुएं में डाल। नेकी कुएं में डालते- डालते कुआं नहीं भरता मगर बदी यानी बुराई का घड़ा ज़रूर भर जाता है। पाप का अंत होता है लेकिन सत्य यानी अच्छाई का अंत नहीं हो सकता, उसे ग्रहण लग सकता है मगर उसे समाप्त नहीं किया जा सकता। तभी तो एक शायर ने कहा है कि अपने काम से मतलब रख और विचार कर- मेरा पैगाम मोहब्बत है, जहां तक पहुंचे। आप नेकनीयती से काम करें, करते जाएं और कभी कोई बेवफाई कर जाए तो समूचे हालात पर गौर करें तो कम से कम रिश्ते खराब होने की नौबत नहीं आएगी।

प्यार, मोहब्बत में भी वफा, बेवफा की बातें अक्सर होती रहती हैं। कई बार बेवफाई का बवंडर पक्की से पक्की, पुख्ता से पुख्ता, पाक से पाक मोहब्बत को नेस्तानाबूत कर देता है। प्यार में वफा क्या है और बेवफा क्या है, इसकी परिभाषा तय करना बहुत ही मुश्किल काम होता है। परिभाषा तय करना भले ही मुश्किल है, मगर बेवफाई का आधार बनाना बहुत ही आसान होता है। गौर कीजिए, दिमाग में एक फितूर आया कि आगे की उधेड़बुन शुरू हो गई और शक की तरह गलतफहमी तेज़ी से बढ़ती गई, उसकी विष बेल ऊपर चढ़ती गई, नतीजा आप सब जानते हैं कि मोहब्बत के आलम में दरार, तकरार तो आखिर खत्म बहार। आखिर इस बेवफाई के वायरस से कैसे निपटा जाए जो न केवल प्यार, मोहब्बत को सर्वनाश कर देता है और साथ ही बर्बाद भी कर देता है अपितु दोस्ती की बुनियाद भी खोखली कर देता है।

बेवफाई के आरोप-प्रत्यारोप से जन्मा वायरस न केवल दोस्ती और प्यार, मोहब्बत की जड़ों को हिला देता है बल्कि पति और पत्नी के बीच ' वो ' की भी उत्पति कर देता है। कई बार तो बस मामूली सी गलतफहमी से सुखी, समृद्ध गृहस्थ जीवन में तूफान खड़ा हो जाता है और पति-पत्नी एक-दूसरे पर तीसरे व्यक्तित्व 'वो ' को पल्लवित, पोषित करने का अविश्वसनीय आरोप लगाते हैं। आज के इस खुले युग में जहां विश्वास की और अधिक ज़रूरत है, वहां यदि बेवफाई संबंधों को खोखला करती रही तो जीवन का अर्थ बेमानी हो जाएगा।

ऐसी स्थिति से बचने के लिए, क्या- क्या किया जाए। इस पर अगर हम सब मिलकर विचार करें, हर आदमी इस पर मनन करें और क्षणिक आवेश में आ कर कोई राय न बनाए तो मानवीय संबंधों की सार्थकता को बचाया जा सकता है, वरना तो बेवफाई का वायरस न जाने क्या- क्या गुल खिलाएगा, इसकी कल्पना करना भी मुश्किल लगता है।



## उपदेश

एक दिन युधिष्ठिर अपनी राजसभा में बैठे थे। उनके पास एक व्यक्ति भिक्षा मांगने आया। युधिष्ठिर उस समय व्यस्त थे। मांगने वाले ने निवदेन किया, लेकिन युधिष्ठिर ने मानव स्वभाव की वजह से कह दिया, 'आप जो मांग रहे हैं, वह मैं आज तो नहीं दे सकता। आप कल आ जाइए, कल मेरे पास समय भी रहेगा। मैं व्यवस्था कर दूंगा।' मांगने वाला तो चला गया, लेकिन ये दृश्य भीम देख रहे थे। भीम ने तुरंत अपने सेवकों को आदेश दिया, 'बाजे बजाओ। खुशी मनाओ।' आदेश मिलते ही सेवक बाजे बजाने लगे, संगीत से पूरा वातावरण भर गया। सभी खुशियां मनाने लगे तो युधिष्ठिर ने पूछा, 'भीम क्या बात है? इस समय खुशी की क्या बात है? जो तुम इतने बाजे बजवा रहे हो।' भीम ने कहा, 'महाराज आपने समय को जीत लिया है। काल पर विजय पा ली है।' युधिष्ठिर ने पूछा, 'ऐसा क्यों कह रहे हो? मुझे तो नहीं मालूम कि मैंने काल को जीत लिया है।' भीम ने कहा, 'अभी तो जीता है आपने। उस मांगने वाले को आपने कहा कि कल आ जाना, कल व्यवस्था कर दूंगा। तो क्या आपको मालूम है, कल आप रहेंगे या नहीं रहेंगे? अगर आप जानते हैं तो आपने समय पर विजय पा ली है।' ये सुनकर युधिष्ठिर को अपनी भूल का एहसास हो गया। ये कहानी हमें एक बात समझा रही है कि जो शुभ काम करना है, उसे तुरंत कर लेना चाहिए। कोई नहीं जानता कि कल क्या होगा? वक्त कहकर नहीं आता है। अगर हम नेक काम को टालेंगे तो उस काम का महत्व खत्म हो जाएगा और जरूरतमंद व्यक्ति की जरूरत भी पूरी नहीं हो पाएगी।

> भीम ने तुरंत अपने सेवकों को आदेश दिया, 'बाजे बजाओ। खुशी मनाओ।' आदेश मिलते ही सेवक बाजे बजाने लगे, संगीत से पूरा वातावरण भर गया। सभी खुशियां मनाने लगे तो युधिष्ठिर ने पूछा, 'भीम क्या बात है? इस समय खुशी की क्या बात है? जो तुम इतने बाजे बजवा रहे हो।' भीम ने कहा, महाराज आपने समय को जीत लिया है।

## 24 घंटे के बाद एक 3 वर्ष की बालक का शव तालाब में तैरता हुआ मिला पुलिस जांच में जुटी

अमर ख्याल , प्रमोद कुमार पांडे

**बलरामपुर ।** विकासखंड हरैया सतघरवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौधरीडीह, में निजामुद्दीन का एक 3 वर्षीय बालक सलामुद्दीन के तालाब में डूबने से हुई मौत प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शाम 4:00 बजे घर से गायब हुआ तो परिवार जनों में कोहराम मच गई घर के सभी परिवार खोजने में लग गए घर ही के कुछ गार्जियन मोटरसाइकिल और पिकअप पर लाउडस्पीकर बांधकर गांव-गांव खोजबीन करने लगे खोजबीन करने के बावजूद भी जब कहीं नहीं मिला तो ,घर के ही उसके चाचा ने सोचा कि तालाब में देख लिया जाए घर से तालाब लगभग 100 मीटर की दूरी पर है खोजबीन करने के बावजूद तालाब में बालक की लाश मिली वही जब थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पांडे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सूचना की जानकारी मिली है पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और आगे उचित कार्रवाई की जाएगी

## कलेक्ट्रेट परिसर के एन आई सी कक्ष में लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश से चयनित स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया



अमर ख्याल , प्रमोद पाण्डेय

**बलरामपुर ।** कलेक्ट्रेट परिसर के एन आई सी कक्ष में लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश से चयनित स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा सभी 75 जनपदों के लिये 1354 स्टाफ नर्सों का चयन किया गया है जनपद बलरामपुर से भी चार स्टाफ नर्सों का चयन किया गया है आज लखनऊ में लोकभवन सभागार में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश आदरणीय आदित्यनाथ योगी द्वारा नवचयनित स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया जनपद बलरामपुर में माननीय विधायक बलरामपुर सदर श्री पलटू राम जी द्वारा चारों नवचयनित स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी पी सिंह, डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ अतुल कुमार सिंघल, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा , शिवेंद्र मणि त्रिपाठी डी पी एम,विनोद त्रिपाठी, शबनम , सौम्या सिंह,मधु कुमारी, पूनम तिवारी आदि उपस्थित रहे

## नौ स्टाफ नर्स को मिला नियुक्ति पत्र



अमर ख्याल

**गोंडा ।** रविवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आयोग से चयनित 09 स्टाफ नर्स को मिला नियुक्ति पत्र, जिसमें 01 स्टाफ नर्स को माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया तथा 08 स्टाफ नर्स को एनआईसी गोण्डा में माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्री घनश्याम मिश्र, मा० सांसद गोंडा प्रतिनिधि श्री रमाशंकर मिश्र एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय, गौरव कुमार द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित विभाग से अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित

## 20 ली0 अवैध कच्ची शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार



अमर ख्याल

**मुर्तिहा ( बहराइच )** जनपद बहराइच में अवैध शराब के निष्कर्षण व बेच रहे अपराध व अपराधियो के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी,अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ? अशोक कुमार व क्षेत्राधिकारी नानपारा /मिहीपुरवा के निर्देशन मे थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा थाना को0 मुर्तिहा जनपद बहराइच के कुशल नेतृत्व में टीम गठीत कर का0 दीपक कुमार मय हमराह का0 सुनील गोड द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर 01 नफर दिनेश पुत्र पाचू उम्र करीब 20 वर्ष निवासी उर्रा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच के कब्जे से एक प्लास्टिक की पिपिया मे 20 ली0 अवैध कच्ची शराब के साथ बरामद कर गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 326 /2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया तथा विधिक कार्यवाही की गयी

## मारपीट कर गंभीर रुप से घायल करने के आरोप में 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



अमर ख्याल

**गोरखपुर ।** अपराध एवं अपराधियो पर पूर्ण रुप से अंकुश लगाये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्ग निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैण्ट के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना कैण्ट पुलिस की टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 420/2022 धारा 147/323/504/506/325/308 भादवि थाना कैण्ट गोरखपुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1. रूद्र गुप्ता उर्फ हर्ष गुप्ता पुत्र स्व0 अयोध्या प्रसाद गुप्ता निवासी जी0 आर0 डी0 गेट के सामने कूड़ाघाट थाना कैंट जनपद गोरखपुर 2. आकाश गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता निवासी म0 नं0 500 आवास विकास कॉलोनी थाना कैंट जनपद गोरखपुर 3. किशन ? शर्मा पुत्र स्व0 दीपनारायण शर्मा निवासी निनाथापा थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर स्थायी पता चैगोना थाना कसया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया गया । अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है

# ग्राम पंचायत उसरैना के हरिलाल पुरवा में दलितों के बस्ती में अंधेरा

### 20 कनेक्शन के बावजूद भी 04 साल से दलित ग्रामीणों को नही मिल रही बिजली

अमर ख्याल , बाबू लाल शर्मा



**गोंडा ।** ग्राम पंचायत उसरैना हरिलाल पुरवा में दलितों के बस्ती में 20 कनेक्शन के बावजूद 4 साल से दलित ग्रामीणों को नहीं मिली विद्युत सप्लाई एलटी लाइन मीटर लगा हुआ है, पूरे गांव में सप्लाई मिल रही है लेकिन विभाग के द्वारा दलितों को सप्लाई नहीं दी गई विद्युत विभाग को कई बार अवगत कराया गया लेकिन प्रशासन ने इस ओर नहीं दिया ध्यान दलित अंधेरे में रहने के लिए मजबूर हैं

दलित बस्ती के ग्रामीणों ने 09 सितंबर 2022 को जिलाधिकारी गोण्डा व मुख्यमंत्री एंव महिला आयोग को शिकायती पत्र दिया था जिसकी रिपोर्ट विद्युत विभाग के एस०डी०ओ०के द्वारा 03 अक्टूबर 2022 को लगायी गयी थी, कि 10 दिवस के अन्दर विद्युत सप्लाई कर दी जायेगी लेकिन उक्त अवधि बीत जाने के बाद भी विद्युत सप्लाई नहीं दी गयी व कोई कार्यवाही नही की गयी दलित बस्ती के ग्रामीणों ने बताया कि गांव के मात्र तीन लोगों के द्वारा यह अन्याय किया कराया जा रहा है, विद्युत विभाग के कर्मचारी जान-बूझकर सप्लाई नहीं दे रहे है व सरासर अन्याय कर रहे हैं ।दलित ग्रामीणों ने कहा कि हम कमजोर व गरीब है इसी कारण ना तो अधिकारी सुन रहे दलित अंधेरे में रहने से मजबूर मिट्टी का तेल भी नहीं मिल रहा अंधेरे में बच्चे की पढ़ाई बाधित हो रही है दलितों के द्वारा बताया जा रहा है योगीराज में दलितों की कोई सुनवाई नहीं है

# कृषि मत्री ने कृषिविज्ञान केन्द्र नानपारा का किया निरक्षण

### गुणवत्ता युक्त कार्य ना होने पर हुए असन्तुष्ट, गुणवत्ता कार्य न होने पर होगी कार्यवाह

अशोक कुमार पाठक

बहराइच ( नानपारा ) कृषि एवं शिक्षा अनुसंधान विभाग ऊ.प्र. के मत्री सूर्य प्रताप शाही पहुंचे जनपद उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक किया ' मत्री ने कृषि विज्ञान केन्द्र परिक्षेत्र का भ्रमण करते हुए घाघरा घाट, कैसरगंज व नानपारा कृषि विज्ञान केन्द्र पहुँच कर कृषक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया आयोजन में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ कृष्ण मोहन सिंह , प्रो. अनिल प्रताप राव , राम निवास वर्मा विधायक नानपारा, घनश्याम सिंह, डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, पयागपुर बिधायक सुभाष त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक बहराइच, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अध्यक्ष,विनायक प्रताप शाही ने कृषि मत्री का स्वागत किया। और केन्द्र प्रंरग्ण में वृक्ष रोपण किया गया व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मंत्री ने किसानों को रसायनिक कीटनाशकों एवं अत्याधिक उर्वरकों से होने वाले दुष्प्रभावों से जुड़ी जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती करने के लिए भी किसानों को प्रेरित किया ' तथा डॉ.अनिल प्रताप सिंह राव ने स्वास्थ्य रहने के लिए खेतों में अनाजों की खेती करने के लिए जानकारी दिया। नानपारा के अपना दल के विधायक राम निवास वर्मा ने फसल उत्पादन में टपक एवं बौछार रोग विधि बच्बचाओ व विधि द्वारा सिंचाई करने को जागरूक किया जिससे जल व्यर्थ होने में मदद मिले । डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने महिलाओं एवं गर्भवती महिलाओं के पोषण पर चर्चा की। प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान मंत्री ने गन्ने में विभिन्न सहफसली खेती एवं नव सृजित मदर आचर्ड के साथ अरहर की सहफसली खेती की सराहना की साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र निर्माण कर्या को देखकर मत्री ने असन्तुष्टती ब्यक्ति की और उन्होंने कहा की जो निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त नहीं हुआ है इसके लिए कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया की वे पुनः गुणवत्ता युक्त कार्य करें अन्यथा इनको भविष्य में बैल्कलिस्ट कर दिया जायेगा कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषक शिव शंकर सिंह, राम प्रवेश मौर्य, निरंजन लाल वर्मा, अजीत सिंह, संजय कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे

# जन जागरूकता, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

### एसडीएम कसया कल्पना जायसवाल के हाथों मेडल पाकर खिले छात्रों के चेहरे

अमर ख्याल ब्यूरो




कुशीनगर । स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद कुशीनगर के द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 दृष्टिगत एवं कुड़े प्रबन्धन के दृष्टिगत जन जागरूकता, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कसया के निरंकारी इण्टरमीडिएट कालेज के प्रागंण में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कल्पना जायसवाल उपजिलाधिकारी कसया एवं विशिष्ट अतिथि अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता के द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियो को मेडल व प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया चित्रकला प्रतियोगिता में कुल 27 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान अंशु शर्मा (महर्षि अरविन्द विद्या मन्दिर कसया) द्वितीय स्थान प्रांजल यादव (सरस्वती चिल्ड्रेन एकडमी कसया) तथा तृतीय स्थान हरिओम मद्धेशिया (महर्षि अरविन्द विद्या मन्दिर कसया) एवं निबन्ध प्रतियोगिता में कुल 30 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें प्रथम स्थान श्रेया मौर्या (सरस्वती चिल्ड्रेन एकडमी) द्वितीय स्थान रिद्धिमा मद्धेशिया (सरस्वती चिल्ड्रेन एकडमी) तथा तृतीय स्थान परिधि मद्धेशिया (सरस्वती चिल्ड्रेन एकडमी) को प्राप्त हुआ। नुक्कड़ नाटक में भी तीन टीमो द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें निरंकारी स्कूल टीम के बच्चो को पुरस्कृत किया गया। प्रागंण में उपजिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी द्वारा बच्चो को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी । इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी श्रवण तिवारी, जिला क्वार्डिनेटर चन्द्र प्रकाश गौतम, अवधेश चौरसिया निरंकारी स्कूल के प्रधानाचार्य, देवेन्द्र प्रताप सिंह आचार्य, सुमित मद्धेशिया प्रधानाचार्य, छेदी सिंह, रामवचन गिरी, विश्वनाथ प्रसाद, प्रभाकर जायसवाल, समर मद्धेशिया, साकेत गोविन्द राव, विजय यादव, मुन्ना, राजकुमार, अजिमुल्लाह आदि मौजूद रहे

# पुराने गर्म कपड़े दान हेतु रोटरी क्लब कुशीनगर ने लगाया स्टाल

### ठंड से जरूरतमंदों को राहत दिलाने हेतु रोटरी की एक पहल

अमर ख्याल ब्यूरो



कुशीनगर । रविवार सुबह कसया स्थित गांधी चौक पर अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन रोटरी क्लब कुशीनगर के सौजन्य से विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी ठंड से जरूरतमंदों को राहत दिलाने हेतु एक पहल किया गया है, जिसमें पुराने गर्म कपड़ो को लोगों से इकट्ठा कर जरूरतमंदों के मध्य बांटने हेतु एक अनोखा स्टाल गांधी चौक, कसया पर लगाया गया यह स्टाल पूरे ठंडक तक लगा रहेगा इस स्टाल का शुभारंभ रोटरी के संरक्षक राकेश कुमार जायसवाल के द्वारा किया गया इस अवसर पर रोटरी के अध्यक्ष डॉ एमएच खान ने बताया कि रोटरी द्वारा यह कार्यक्रम लगातार तीन वर्षों से चलाया जा रहा है जिससे अब तक हजारों जरूरतमंद लाभान्वित हुए हैं ।रोटरी के सचिव वाहिद अली ने नगर वासियों से अपील किया कि अलमारियों और संदूकों में बंद आवश्यकता से अधिक अपने पुराने गर्म पहनने योग्य कपड़े अधिक से अधिक स्टाल पर दान करें, जिससे इस ठंड में जरूरतमंदों की जरूरतें पूरी हो सके कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ एम एच खान, सचिव वाहिद अली, उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्त, उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष विजय कृष्ण द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष अनिल जायसवाल, सह सचिव दिनेश कुमार यादव, सह सचिव अरूण कुमार वर्मा, सह कोषाध्यक्ष डॉ सुनील सिंह, डॉ जे के पटेल, निदेशक राजीव जायसवाल लक्ष्य, गौरव मद्धेशिया, सदरे आलम, दुर्गेश चतुर्वेदी, अश्वनी जायसवाल, अमित श्रीवास्तव, महीप राव, सोनू चौहान, भीमबली सिंह, कन्हैया मद्धेशिया एवं आदिल के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे

## नव नियुक्त 1354 स्टाफ नर्सों को मुख्यमंत्री ने वितरित किया नियुक्ति पत्र

अमर ख्याल ब्यूरो

**बहराइच।** निष्पक्ष एवं पाददर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा प्रदेश के सभी 75 जनपदों के लिए चयनित 1354 स्टाफ नर्सों को प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। मा. मुख्यमंत्री के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार बहराइच में सजीव प्रसारण के उपरान्त जिले के लिए चयनित 07 स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र का वितरित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में मा. मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के पश्चात विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, सदर की श्रीमती अनुपमा जायसवाल, नानपारा राम निवास वर्मा, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, सांसद कैसरगंज बृज भूषण शरण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह द्वारा अपर जिलाधिकारी मनोज, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओ.पी. चौधरी व अन्य के साथ जनपद के लिए स्टाफ नर्स वैश्णवी गुप्ता, नेहा मौर्या, नीतू जैन, समीक्षा सिंह, नम्रता सिंह, लक्ष्मी ओझा व मंजरी श्रीवास्तव को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर डी.पी.एम. सरयू खान, डॉ. पीयूष नायक, डी.एच.ई.आई.ओ. बृजेश सिंह, डी.सी.पी.एम. मो. राशिद, चयनित स्टाफ नर्स व उनके अभिभावक व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र ने किया स्वर्ण जयन्ती पार्क रिसिया का भ्रमण

**बहराइच।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने स्वर्ण जयन्ती पार्क रिसिया का औचक निरीक्षण कर पार्क ग्रीनरी, साफ-सफाई, आगन्तुकों विशेषकर बच्चों के मनोरंजन इत्यादि के लिए उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया। पार्क के निरीक्षण के दौरान कुछ डस्टबिन क्षतिग्रस्त पाए जाने पर जिला उद्यान अधिकारी पारसनाथ को निर्देश दिया कि पार्क के अन्दर आवश्यकतानुसार डस्टबिन स्थापित कर कूड़ा डस्टबिन में डालने सम्बन्धित सूचना पट भी स्थापित करा दिए जाए। रविवार का दिन होने के कारण पार्क में काफी संख्या में लोग विशेषकर परिवार मौजूद थे। डीएम ने कई परिवारों एवं बच्चों से संवाद स्थापित कर पार्क की व्यवस्थाओं के बारे में फीड बैक प्राप्त किया। पार्क आये लोगों तथा बच्चों ने पार्क की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। डीएम ने थानाध्यक्ष रिसिया को निर्देश दिया कि पार्क में विशेषकर रविवार को आने वाली भारी भीड़ को देखते हुए महिलाओं एवं बच्चों हेतु सुरक्षा के विशेष प्रबन्ध किए जाए। डीएम ने जिला उद्यान अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि पार्क में आवश्यकतानुसार पौधे रोपित कर और भी आकर्षक बनाएं।

## 30 नवम्बर को प्रस्तुत किये जा सकते हैं साक्ष्य

### सिद्धदोष बन्दी की मृत्यु की न्यायिक जॉच

**बहराइच।** मु.अ.सं. 76/2021 अन्तर्गत धारा 457, 380, 411 भा.दं.सं., थाना-बौण्डी, जनपद-बहराइच के वाद में निरूद्ध सिद्वदोष बंदी जिमीदार पुत्र मटरू आयु लगभग 42 वर्ष, निवासी ग्राम दिकौलिया, थाना बौण्डी, बहराइच की मृत्यु 19 दिसम्बर 2021 को सांयकाल 07:35 बजे जिला चिकित्सालय बहराइच में उपचार के दौरान हो गयी थी। उक्त मृत्यु के सम्बन्ध में न्यायिक जॉच अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बहराइच द्वारा की जा रही है। यह जानकारी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बहराइच कृष्ण कुमार ने दी है। श्री कुमार ने बताया कि उक्त मृत्यु की बाबत यदि किसी व्यक्ति को कोई साक्ष्य अथवा प्रलेख प्रस्तुत करना है तो वह 30 नवम्बर 2022 को न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बहराइच में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य अथवा प्रलेख प्रस्तुत कर सकते हैं।

## वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लिए प्रदेश में नई (एमएसएमई) नीति लागू

**बहराइच** प्रदेश सरकार द्वारा वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की पूर्ति एवं प्रदेश में रोजगार सृजन तथा उद्योगों की श्रेणी में अग्रणी बनाने के उद्देश्य नई (एम.एस.एम.ई.) नीति लागू की गई है। वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा आगामी 10-12 फरवरी 2023 में प्रथम बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। जिससे पूरे प्रदेश में रू. एक लाख करोड़ की धनराशि का निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया। मध्यम, लघु व सूक्ष्म इण्टरप्राइजेज (एम.एस.एम.ई.) विभाग द्वारा जनपद बहराइच को भी रू. 1000 करोड़ के निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग बहराइच ने बताया कि जिले में आवंटित लक्ष्य की पूर्ति के लिये निवेशकों की सुविधा व परामर्श के लिये कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र बहराइच में इन्वेस्टर्स हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है। हेल्प डेस्क के संचालन हेतु सहायक आयुक्त उद्योग बाबू राम मो.नं. 9453248812 एवं सहायक प्रबन्धक जे.पी. यादव मो.नं. 7985613664 को क्रमशः नोडल व सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है जिनके द्वारा इच्छुक लोगों को उद्यम स्थापना के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्रदान की जाएगी। उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रख्यापित की गई एम.एस.एम.ई. नीति 2022 में उद्योग स्थापना हेतु भूमि क्रय किए जाने पर 100 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क से छूट प्रदान की जाएगी। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी की इकाईयों को क्रमशः 25, 20 व 15 प्रतिशत पूंजी उपादान दिया जाएगा। इकाईयों को प्लांट एवं मशीनरी हेतु लिए गए ऋण पर देय वार्षिक ब्याज के 50 प्रतिशत की पूर्ति की जाएगी। रू. 5 करोड़ अथवा इससे अधिक की मशीनरी एवं सयंत्र वाली नई खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को कच्चे माल की खरीद पर 5 वर्ष के लिये मण्डी शुल्क से छूट भी प्रदान की जाएगी। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि इसके अतिरिक्त विभागीय योजनाओं ओडीओपी वित्त पोषण व पीएमईजीपीएमवाईएसवाई योजनाओं के माध्यम से नये उद्यम की स्थापना पर योजनार्न्तगत 25 से 35 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाता है। उ.प्र. सूक्ष्म एवं लघु मध्यम (स्थापना एवं संचालन सरलीकरण) के तहत 72 घण्टे के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के एनओसी से संबंधित अभिस्वीकृत प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा जिसकी वैद्यता 1000 दिन होगी। उपायुक्त उद्योग ने सभी इच्छुक भावी उद्यमी अपने निवेश प्रस्ताव के साथ जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र बहराइच से किसी भी कार्य दिवस से सम्पर्क कर सकते हैं।

## चोरी करने के दो अभियुक्तों को चोरी माल के साथ किया गिरफ्तार

अमर ख्याल संवाददाता

**छपिया(गोण्डा)** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की शीघ्र ही गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए,वही दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में थाना छपिया पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुकदमा से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 01. राजेश गुप्ता 02. कलीम कुरैशी को गिरफ्तार किया गया । उक्त अभियुक्तों ने वादी लालजी के चाय की दुकान से चोरी की थी। जिसके संबंध में थाना छपिया में अभियोग पंजीकृत था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना छपिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी ।गिरफ्तार कर्ता टीम उ0नि0 बृजेश कुमार गुप्ता मय टीम सहित मौजूद रहे।

# टीबी मरीजों के घर पहुंच नयी दिशा सदस्यों ने भेंट किया पोषण सामग्री

## हाटा सीएचसी के एक दर्जन से अधिक टीबी मरीजों को लिया है संस्थान ने गोद

अमर ख्याल ब्यूरो

कुशीनगर । प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा के भठही बाबू, चुरामन छपरा, पतया, अहिरौली राय, खड्डा, बकनहा, चिरगोड़ा, गोबरही, कुरहवाँ, परेवाटार, चेगौना, रामपुर पट्टी नटवलिया इत्यादि गांवों के एक दर्जन से अधिक टीबी मरीजों का सहयोगी बनकर उन्हें गोद लेते हुए पोषण सामग्री भेंट किया गया था। इस क्रम में नवंबर माह में संस्था उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार मिश्र, सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा के वरिष्ठ क्षय रोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र व मनोविज्ञानी अभिषेक श्रीवास्तव इत्यादि ने रविवार को सभी मरीजों के घर पहुंच उनके स्वास्थ्य की जानकारी और दवा वगैरह की स्थिति का पता करते हुए पोषण सामग्री भेंट



किया। संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने बताया कि दवा और पोषण सामग्री के साथ साथ टीबी मरीजों को समाज का भावनात्मक साथ भी चाहिए इसलिए सभी गोद लिए हुए मरीजों से उनके घर मिलकर निर्धारित पोषण सामग्री जिसमें मूंगफली, सत्तू, गजक, भूना चना, गुड़, बोर्नविटा इत्यादि सम्मिलित है भेंट किया गया और दवा चलने तक प्रति माह भेंट करते रहा जाएगा मनोविज्ञानी अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि टीबी उन्मूलन में जन सहभागिता जरूरी है, इसे केवल सरकार के भरोसे नही छोड़ा जा सकता। सक्षम लोगों को आगे आकर टीबी मरीजों का सहयोगी बनना चाहिए और उनके प्रति अपने मन में किसी प्रकार का पूर्वाग्रह नही रखना चाहिए स्वास्थ्यकर्मी आशुतोष मिश्र ने सभी मरीजों से नियमित दवा लेने और स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत आने पर अस्पताल से संपर्क करने की बात कही

# भारतीय किसान संघ के बैनर तले चल रहे किसानों के धरने का दिखने लगा असर

संवाददाता मोहम्मद आदिल



मुरादाबाद । बिलारी किसान अपनी मांगों को लेकर संभल मुरादाबाद बॉर्डर पर लगने वाले जरगांव गन्ना क्रय केंद्र पर पिछले 5 दिनों से लगातार रात दिन अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। भारतीय किसान संघ मुरादाबाद के बैनर तले इस केंद्र से लगने वाले 12 गांव के किसान जिनमें 4 गांव संभल जिले में पढ़ते हैं और 8 गांव मुरादाबाद जिले के हैं यह किसान मांग कर रहे हैं कि हमारे गन्ना क्रय केंद्र को लक्ष्मी शुगर मिल बिलारी सही जुड़े रहना चाहिए। लेकिन प्रशासन ने उनकी मांग को नजरअंदाज करते हुए इस गन्ना क्रय केंद्र को वीनस शुगर मिल मझवली से जोड़ दिया है जिसका किसान लगातार लगातार विरोध कर रहे हैं। धरने के पांचवें दिन जिला गन्ना अधिकारी की तरफ से गन्ना सचिव बिलारी आरके पाठक और लक्ष्मी शुगर मिल बिलारी के जीएम गिरीश कुमार धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। धरने पर बैठे हुए किसानों ने अपनी बारी बारी से बात रखते हुए यह कहा कि हम किसी भी कीमत पर वीनस शुगर मिल मझावली को गन्ना नहीं देंगे। गन्ना सचिव के समक्ष भारतीय किसान संघ मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष तेजभान सिंह ने की हमारा कोई भी किसान वीनस शुगर मिल को गन्ना नहीं देगा और जब तक किसानों की मांग नहीं मानी जाएगी हम धरना स्थल से नहीं हटेंगे चाहे हमें कितना भी समय लग जाए क्योंकि हम पूरी तैयारी से आए हैं। इस पर गन्ना सचिव ने कहा कि आपकी मान सही है और हम पूरा प्रयास करेंगे की बिलारी लक्ष्मी शुगर मिल से ही आपका गन्ना क्रय केंद्र जुड़ा रहे। जुगनेश राघव प्रांत जैविक प्रमुख भारतीय किसान संघ मेरठ, शेर सिंह मीणा, छवि लाल मीणा, ऋषि पाल सिंह, राजवीर सिंह, छत्रपाल सिंह, तिलक पाल सिंह, अशोक यादव विजय यादव नरेश कुमार राजपाल सिंह यादव अमन सक्सैना आदि सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे

## आप के कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

# आम आदमी पार्टी निकाय चुनाव में सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी - निकाय चुनाव प्रभारी



अमर ख्याल

कुशीनगर । 20 से 30 नवंबर तक 11 दिवसीय आम आदमी पार्टी की कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरूआत हो चुकी है. जनसभाओं में आप कार्यकताओं के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हुए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए निकाय चुनाव प्रभारी हरीनारायण चौहान ने कहा कि निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी हर सीट पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य नगर निगम नगर पालिका और नगर पंचायत में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त कर नगरीय व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करना है कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में अच्छी शिक्षा, बेहतर चिकित्सा व्यवस्था, बिजली, पानी,महिला सुरक्षा, स्वास्थ, यातायात व्यवस्था पर शानदार काम किया है आप जिला जिला महासचिव मुकेश सुमन ने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रत्याशियों का चयन ट्रिपल सी के आधार पर कर रही है और यह पार्टी की विश्वसनीयता ही है जिस कारण आवेदन फॉर्म लेने के लिए सैकड़ों लोग कार्यालय आकर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि आवेदन फॉर्म की डिमांड बढ़ चुकी है लेकिन पार्टी सिद्धांतों के अनुसार हम प्रत्याशियों का आकलन ट्रिपल सी के आधार पर कर रहे हैं. हम आवेदक द्वारा जमा किए गए कागजात का पूर्ण रूप से जांच करवा कर ही कोई निर्णय लेते हैं. उन्होंने बताया कि जनता में आम आदमी पार्टी के आवेदन फॉर्म के लिए भारी उत्साह है जो दशार्ता है लोग केजरीवाल मॉडल को पसन्द कर रहे हैं उन्होंने कहा कि नगर निगम नगर पालिका और नगर पंचायतों की लापरवाही के चलते आज जगह-जगह गंदगी का जमावड़ा है जिससे विभिन्न प्रकार की बीमारियां पनप रही है सफाई की स्थिति बेहद खराब है कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रमुख रूप सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे

# शराब खाम के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**अमर ख्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर।** रविवार को थाना मिलकखानम पुलिस द्वारा राजेश कुमार पुत्र हुकम सिंह निवासी उस्मानगंज थाना बिलासपुर, रामपुर को उस्मानगंज तिराहे से 40 लीटर नाजायज शराब खाम के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी

# संध्या वर्मा सभासद ने डेंगू से बचाव के लिए दवा का छिड़काव कराया



**संवाददाता चमन अली**

**हमीरपुर ।** डेंगू के लगातार बढ़ते हुए मरीजों को देखते हुए। भाजपा नेत्री संध्या वर्मा सभासद वार्ड 14 पत्नी डा सुरेश कुमार कोरी ने। डेंगू की दवा एंटी लार्वा व डी डी टी का छिड़काव कराया। और लोगो को जागरूप किया। लोगो को बताया कि अपने आस पास पानी इकठ्ठा न होने दे। यह डेंगू मन्छर साफ पानी मे अण्डे देता है। जैसे कूलर में गमले में खुली टँकी में टायर में भरा पानी ऐसी जगहों पर यह मन्छर पनपता है। इससे बचने के लिये अपने आस पास पानी जमा न होने दे। सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करे। डेंगू का मन्छर दिन में काटता है। डेंगू के लक्षण अचानक तेज बुखार आना मिचली उल्टी तेज सरदर्द और आँखों मे दर्द जोड़ो व मांसपेशियों में दर्द नाक मुख और मसूड़ों से रक्तस्त्राव होना यह सब किशी को लक्षण दिखाई दे। तो तुरंत जिला अस्पताल में डेंगू की जांच कराए। और डा सुरेश ने कहा कि डेंगू खत्म करो अभियान हमने चला दिया है। हम हर घर घर जा कर दवा का छिड़काव करायेंगे और डेंगू को मार भगाएंगे

# अज्ञात कारणों के चलते विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाया

**संवाददाता चमन अली**

**कुरारा ( हमीरपुर )** थाना क्षेत्र के शेखुपुर गांव में दोपहर में अज्ञात कारण के चलते विवाहिता ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया । जानकारी होने पर परिजन उसे इलाज के लिए सी एस सी कुरारा लेकर आये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। क्षेत्र के शेखुपुर गांव में विवाहिता रोशनी 26 वर्ष पत्नी सूरज ने दोपहर में अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत खराब होने पर परिजन उसको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

# अतुल महेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा 2022 : पहली में 68.25, दूसरी में पाली में 65.23 प्रतिशत बच्चों ने दी परीक्षा

रानी रेवती देवी इंटर कॉलेज से अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा देकर निकलते छात्र-छात्राएं

फाउंडेशन की ओर से रविवार को आयोजित अतुल महेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा 2022 में परीक्षार्थियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। शहर के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में आयोजित परीक्षा में पहली पाली में नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों की परीक्षा हुई। इसमें 68.25 प्रतिशत बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। वहीं दूसरी पाली में 11 और 12 वीं के विद्यार्थियों की परीक्षा हुई। इसमें 65.23 प्रतिशत बच्चे उपस्थित रहे।

**अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा देकर निकलते छात्र-छात्राएं**

अतुल महेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा 2022 में नौवीं और दसवीं के कुल 1830 विद्यार्थी पंजीकृत रहे। इनकी परीक्षा पाली में सुबह 11 से 12.30 बजे के बीच संपन्न हुई। परीक्षा में 1249 विद्यार्थी उपस्थित हुए, जबकि 581 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। यानी 68.25 प्रतिशत बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। वहीं दूसरी पाली में दोपहर दो से साढ़े तीन बजे के 11 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों की परीक्षा हुई। इस पाली में कुल 2370 विद्यार्थी पंजीकृत रहे। 1546 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए। शेष 824 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। यानी 65.23 प्रतिशत बच्चे परीक्षा में शामिल हुए।

**अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा देकर निकलते छात्र-छात्राएं**

दोनों पालियों की परीक्षा के अलग-अलग प्रश्न पत्र रहे। हर पाली की परीक्षा में प्रश्न पत्र के चार सेट बनाए गए थे। परीक्षा शुरू होने के लगभग एक घंटा पूर्व ही पर केंद्रों पर विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के आने का क्रम शुरू हो गया था। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा संपादित कराई गई। परीक्षा के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य और उनकी ओर से गठित सचल दल कक्षों में जाकर निगरानी करता रहा। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडेय, शिक्षक मनोज गुप्ता के अलावा अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन भगवान के दिव्य स्वरूप का किया वर्णन



**मनोज त्रिपाठी**

**लालापुर ( प्रयागराज )** 13 नवंबर शोभा कलश यात्रा से प्रारंभ की गई श्रीमद्भागवत कथा भक्ति रसामृत प्रवाहित करती हुई रविवार को अंतिम दिन सप्तम सोपान तक पहुँची। आचार्य श्याम सुंदर त्रिपाठी द्वारा भगवान के दिब्य स्वरूप का वर्णन करते हुए बताया गया कि प्रभु के भाल पर कस्तूरी तिलक,वक्षस्थल पर कौस्तुभमणि,नाक के अग्रभाग में मोती की बाली,हाँथ में वंशी,सम्पूर्ण शरीर पर हरिचंदन का लेप है, ऐसे प्रभु हमेशा सभी का कल्याण करें। कथा क्रम में सत्यभामा, जामवंती तथा कालिंदी सहित 16108 रानियों के पाणिग्रहण का विस्तार से वर्णन किया। उषा अनिरुद्ध विवाह,जरासंध वध,राजसूय यज्ञ,शिशुपाल उद्धार की कथा संक्षेप में सुनाई गई।पोरबन्दर निवासी,महाज्ञानी जितेंद्रिय और पवित्र ब्राह्मण सुदामा का मित्र कृष्ण से मिलन का भावपूर्ण करते हुए माता पिता देवकी वसुदेव को ब्रह्मज्ञान का उपदेश तथा अंत में राजा परीक्षित के निर्वाण का वर्णन करते हुए कथा को विराम दिया गया।आज श्रीमद्भागवत कथा की पूणार्हुति हवन व कथा प्रसाद का वितरण किया जाएगा।भक्तजन प्रसाद ग्रहण कर भागवत सप्ताह यज्ञ के यश व पुण्य के भागी बनें।श्रोताओं में कन्हैया लाल मिश्र, कामता मिश्र, धर्मराज द्विवेदी,जागृति पाण्डेय,बचऊ सिंह,बब्बन सिंह,शिवराम दुबे,पचखरा प्रधान हीरामन सिंह,कमला दुबे,घनश्याम मिश्र,मेलाराम,संतोष पाण्डेय,रज्जन सोनी,लल्लू सिंह, कल्लू सेन,सुरजू हरिजन,धर्मराज,आदि सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे। आए हुए सभी भक्तों का राजाबाबू पाठक, हरिविलास पाण्डेय,चंद्रशेखर पाण्डेय, रमेश पाण्डेय,शंकर सिंह,रमेश सिंह, कमलाकांत दुबे,विनोद पाण्डेय व काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी आचार्य राधेश्याम पाठक द्वारा वक्ता श्रोता तथा समस्त आगन्तुकों का आभार ब्यक्त किया गया

# मंसुरिया धाम मेले में लगे कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



मनोज त्रिपाठी

प्रयागराज। विकास खंड शंकरगढ़ के अमिलिया तरहार में पौराणिक मंसुरिया माता का धाम है। मान्यता के अनुसार यहां बहुत दिनों से मां के धाम में बड़े पैमाने पर मेले का आयोजन किया जाता रहा है । ग्राम प्रधान व विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार निषाद (श्यामू) का बहुत ही बड़ा योगदान रहा। मंसुरिया धाम में बारा विधायक वाचस्पति ने मेले में लगे हुए समस्त कर्मचारियों को पुष्प हार और माता मसुरियन की प्रतिमा व प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने वक्तव्यों से कहां कि सबसे बड़ा योगदान इन कर्मचारियों की होती है, इन्हीं के वजह से मंदिर जैसे पवित्र स्थल को साफ सुथरा रखते हैं और हम सब की नैतिक जिम्मेदारी बनती हैं कि मंदिर स्थल ही नहीं बल्कि गांव,गली शहर, बस्ती सब जगह को स्वक्ष रखने में योगदान दें। विधायक ने मेले आये हुए समस्त श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में पत्रकार बंधुओं को भी प्रसस्ती प्रमाण पत्र और माता रानी की प्रतिमा दें कर सम्मानित किया। वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश द्विवेदी ने विधायक के प्रति आभार प्रकट किया। पत्रकार बंधुओं में अतुल कुमार यादव,राजकरन पटेल , राजेश चतुवेर्दी और तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने संगम क्षेत्र में पहुंचकर काशी तमिल संगमम कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

## तमिल संगमम कार्यक्रम के तहत पर्यटकों का प्रथम जत्था 21 नवम्बर को पहुंचेगा प्रयागराज



अमर ख्याल

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने रविवार को संगम क्षेत्र का भ्रमण कर काशी तमिल संगमम कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। जनपद में आयोजित काशी तमिल संगमम कार्यक्रम के तहत प्रथम ग्रुप का आगमन 21 नवम्बर को पूर्वान्ह 09:45 बजे सर्वप्रथम संगम क्षेत्र में होगा। टीम के सदस्य अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत संगम में स्नान एवं पूजन करेंगे, लेटे हनुमान जी, आदि शंकर विमान मंडपम मंदिर, अक्षय वट का दर्शन करेंगे तथा बोटिंग सहित अन्य कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके बाद टीम के सदस्यगण चन्द्रशेखर आजाद पार्क, म्यूजियम एवं स्वामी नारायण मंदिर भी जायेंगे। जिलाधिकारी ने तमिल संगमम कार्यक्रम को सकुशल एवं भव्य रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने नगर निगम को साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर साइनेज, साउण्ड सिस्टम, पार्किंग, छिड़काव, सैण्डआर्ट, सेल्फी प्वाइंट, पीने के पानी, मेडिकल टीम तथा एम्बुलेंस, बोटिंग की व्यवस्था, जल पुलिस, गोताखोर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सुरक्षा की समुचित व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मियों के साथ ही महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती भी करने के लिए कहा है। उन्होंने कार्यक्रम के लिए तमिल भाषा के जानकार लोगो को भी रखे जाने के लिए कहा है। कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मजिस्ट्रेटों की भी तैनाती की गयी है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, सिटी मजिस्ट्रेट सत्यप्रिय सिंह, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, पीडी ए0के0 मौर्या सहित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे

# क्षेत्र में एटीएम न होने से ग्रामीण परेशान , क्षेत्रवासियों ने एटीएम लगाए जाने के लिए की मांग




लालापुर में एटीएम लग जाने से क्षेत्रीय लोगों को पैसा निकालने में हो रही असुविधा दूर होगी जन समस्या को देखते हुए लालापुर में एक एटीएम की शख्त जरूरत है

**शंकरलाल पाण्डेय (ग्राम प्रधान)**
**भटपुरा : लालापुर प्रयागराज**



लालापुर में एक एटीएम लग जाय तो लोगों को पैसा निकालने के लिए कहीं बाहर नही जाना पड़ेगा, जनहित को देखते हुए एक एटीएम लालापुर होना जरूरी है

**लाला शुक्ला ( प्रबंधक )**
**मां शिवकुमारी शुक्ला इंटर कॉलेज**



अमर ख्याल , मनोज त्रिपाठी

लालापुर ( प्रयागराज ) क्षेत्र मे बैक तो है लेकिन एटीएम के न होने से क्षेत्रवासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है लालापुर मे बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक तो है लेकिन वो भी भगवान भरोसे.. कभी बैक मे पैसा नहीं है तो कभी सर्वर डाउन है इन्ही समस्याओं के चलते क्षेत्रवासियों को बैंक से पैसा निकालने में बेहद समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालात ये हैं कि यदि किसी के यहाँ कोई आवश्यक कार्य पड़ जाये तो वह पैसों के अभाव में उसका कार्य पूर्ण नहीं हो सकता। किसी के यहाँ शादी विवाह या कोई बड़ा कार्यक्रम होता है तो मजबूरीवश लोगों को लालापुर से 20 किलोमीटर की दूरी तय कर जसरा या शंकरगढ़ जाना पड़ता है इन्हीं समस्याओं को लेकर एक साल पहले राम जानकी जन कल्याण समिति के अध्यक्ष शिवेंद्र पाण्डेय द्वारा बैंक मुख्यालय में ज्ञापन भी दिया गया किन्तु असफलता ही हाथ लगी। पंडुआ, प्रतापपुर, नौढ़िया, अमिलिया,लालापुर, गोबरा, नागनपुर, महेरा आदि गाँवो से लोग लगभग 5 से 8 किलोमीटर की दूरी तय करके लालापुर स्थित बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक आते हैं और यहाँ आने के बाद पता चलता कि सर्वर डाउन है।कभी तो बैंक में पैसा ही नही रहता, जिससे लोगों को निराश होकर घर वापस लौटना पड़ता है

## जल जीवन सर्वेक्षण में शामिल टीमें होंगी सम्मानित

**लखनऊ**

राष्ट्रीय स्तर पर जल जीवन मिशन के सर्वेक्षण में शामिल शाहजहांपुर, बुलंदशहर, बरेली, मिर्जापुर और बदायूं की टीमें सम्मानित की जाएंगी। यूपी के पांच जिलों को मिली उपलब्धि को जल शक्ति विभाग बड़ी धूमधाम से मनाएगा। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को बयान जारी करते हुए सर्वे कि एस्पीरेंट श्रेणी में चुने गए यूपी के जिलों कि पूरी टीम को सम्मानित करने का एलान किया है। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने एक माह में 25 फीसदी नल कनेक्शन देने की कैटगिरी में यूपी के 5 जिलों के शामिल होने पर पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। ग्रामीण इलाकों के हर घर जल पहुंचाने के मोदी के महाभियान को जन आंदोलन बनाने में उत्तर प्रदेश सरकार का एक-एक व्यक्ति जुटा हुआ है। पूरे नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग कि टीम बधाई कि पात्र है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही फील्ड पर काम कर रही संस्थाओं को पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ तेजी से लक्ष्य पूरा करने का आह्वान किया है। जल शक्ति मंत्री ने शाहजहांपुर, बुलंदशहर, बरेली, मिर्जापुर और बदायूं कि पूरी टीम को सम्मानित करने का भी एलान किया है। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन कर रहीं जिलों कि टीम को कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जायेगा। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन राज्यों में प्रगति के विभिन्न मापदंडों के आधार पर सर्वे रिपोर्ट जारी कर रही है। अभी तक अलग- अलग महीनों में केंद्रीय जल शक्ति मिशन के सर्वे में उत्तर प्रदेश कि स्थिति लगातार मजबूत हुई है।

# पहले जो प्रदेश बीमारू था, आज वह देश में दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## योगी ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 1354 स्टाफ नर्सों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

**लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन के सभागार में मिशन रोजगार के तहत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा नव चयनित 1354 स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। स्टाफ नर्सों में 90 प्रतिशत महिलाएं हैं। इस अवसर पर उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों पर कहा कि वर्ष 2017 से पहले जो प्रदेश देश के अंदर एक बीमारू राज्य माना जाता था यानी यहां मनुष्य ही नहीं बल्कि पूरा प्रदेश ही बीमार था।आज वह प्रदेश देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित करने की ओर तेजी के साथ अग्रसर हुआ है। यह टीम भाव से ही संभव हुआ है। आज 25 करोड़ की आबादी वाला प्रदेश एक साथ बोलता है, निर्णय लेता और एक साथ चलता है। उसके परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। इस दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा आदि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव चयनित स्टाफ नर्सों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रदेश में शासन की शासकीय सेवाओं में पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया के माध्यम से पांच लाख से अधिक युवाओं को शासकीय सेवा में विभिन्न पदों पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। इसके जरिए उन्हे जो सम्मान प्राप्त हुआ है इससे उनकी ऊर्जा और प्रतिभा का लाभ प्रदेश की जनता को मिलता हुआ दिखाई दे रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में नौकरी और रोजगार की संभावनाएं कभी कम नहीं हो सकती क्योंकि प्रदेश अनंत संभावनाओं वाला प्रदेश है। दुनिया की सबसे अच्छी उर्वरा भूमि और जल संसाधन हमारे पास हैं। यही नहीं सबसे अच्छे सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम से जुड़े हुए उद्योग प्रदेश में हैं तो फिर नौजवान पलायन क्यों करेगा। हमारे पास पहले से वो पोटेंशियल थी, लेकिन उसे सामने लाने के साथ समय के अनुरूप ढालने, तकनीक से जोड़ने का ईमानदारी पूर्वक प्रयास नहीं हो पाया था। ऐसे में प्रदेश सरकार ने विगत साढ़े पांच वर्षों में विभिन्न कदम उठाए, जिसके परिणाम आपके सामने हैं। सीएम योगी ने कहा कि कोरोना काल खंड के दौरान लॉकडाउन लगते ही दिल्ली, महाराष्ट्र, पंजाब समेत तमाम जगहों पर प्रदेश के कामगार और श्रमिक के साथ भेदभाव होने लगा। इस पर उन्होंने अपने घरों की ओर रूख किया। ऐसे में भारत सरकार ने चिंता जाहिर की कि इतने बड़े पैमाने पर ये लोग उत्तर प्रदेश जाएंगे, वहां कैसे रहेंगे। हमने कहा कि हम सबको लेंगे और इनके लिए सारी व्यवस्था करेंगे। इस दौरान इनकी स्किल मैपिंग कराई गई। एमएसएमई के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और विश्वकर्मा सम्मान योजना के तहत चालीस लाख लोगों को कहीं न कहीं रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा गया। वहीं केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से एक करोड़ 61 लाख से अधिक रोजगार का सृजन विभिन्न सेक्टर में किया गया तो 60 लाख से अधिक स्वरोजगार भी उपलब्ध कराए गए। मिशन रोजगार के तहत शासकीय सेवाओं में जो अभियान चल रहा है इतनी नौकरियां कभी नहीं निकलीं। बेसिक शिक्षा में एक लाख 26 हजार से अधिक नियुक्तियां हुईं। माध्यमिक शिक्षा में चालीस हजार से अधिक नियुक्तियां हुईं। पुलिस विभाग ने 1 लाख 60 हजार से अधिक भर्तियों की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया। स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न पदों पर पारदर्शी तरीके से नियुक्तियां दी गईं। आज प्रदेश देश के अंदर निवेश के सबसे अच्छे गंतव्य के रूप में जाना जाता है। प्रदेश में स्वास्थ्य जगत में जो प्रगति हुई इस दिशा में आज परिणाम सबके सामने हैं। पूरे देश में प्रदेश के कोरोना प्रबंधन को एक मॉडल के रूप में रखा गया। इसकी चारो ओर सराहना की गई। कोरोना काल खंड में जब हर व्यक्ति खुद को बचा रहा था।

## भ्रष्ट अधिकारियों के कारण नहीं चढ़ पा रहीं सीएम की योजनाएं परवान

**बिजनौर**



मोहम्मदपुर देवमल ब्लॉक के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा जितनी भी सड़कें बनाई गई हैं उनमें किस कदर मानकों की अनदेखी की गई है, यह खुद सड़कें बयां कर रही हैं। लोगों का चलना तो दुबर हो गया लोगों ने मौत को भी गले से लगाया है। इन खराब सड़कों पर चलते न जाने कितने लोग घायल हो गए और न जाने कितने ही लोग मौत की आगोश में सो गए हैं लेकिन उसके बावजूद भी विभाग है कि इन पर कार्य करने को तैयार नहीं है। प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जिस कदर सड़कों को चुस्त-दुरुस्त करना चाहते हैं पर विभाग के अधिकारी सड़कों को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। बिजनौर के अधिशासी अभियंता शादाब खान जब से जनपद बिजनौर में आए हैं उन्होंने शायद ही ऐसी टूटी-फूटी सड़कों पर जा कर के देखा हो। आखिरकार शादाब खान जैसे अधिकारी कौन सी रोड की पैच भराई कर रहे हैं जहां पर मौत ना घूम रही हो ऐसी कोई रोड नहीं है। ऐसी कोई रोड नहीं है, जहां पर मौत हर पल किसी राहगीर का इंतजार ना कर रही हो। सड़कों में लगभग 1 फीट के गड्ढे हो गए हैं। गर्भवती महिलाएं बच्चे और यहां तक की आमजन भी इनकी कार्यशैली से तंग आ गए है क्योंकि अधिशासी अभियंता लोक निर्माण शादाब खान को बिजनौर से लेकर मंडावली तक लगभग 15 किलोमीटर की इस रोड के लिए मरम्मत व पैच भराई के लिए भी प्रार्थना पत्र दिए हैं लेकिन इन्होंने उस रोड की ओर जाकर तक नहीं देखा। यहाँ पर लोगों का चलना दूभर हो गया है। पीडब्ल्यूडी विभाग की यदि सड़कों को अगर हम देखें तो सड़के तो पीडब्ल्यूडी विभाग ने अवश्य बनाई हैं लेकिन 40त्न पैसा ही मात्र सड़कों पर लगा है क्योंकि जो सड़के बनते ही बनते उखड़ गई हो उनके ठेकेदारों से विभाग से क्या उम्मीद की जा सकती है। क्षण भर आगे चल पाएंगगी जिन सड़कों में अधिकारी 60प्र. पैसा वसूल रहे हो क्या वह सड़के सालों साल चल पाएंगे ऐसा संभव नहीं है क्योंकि जो सडके आज बनी हैं कल उभरती हुई नजर आ रही हैं इसमें किसी को भी सबूत देने की आवश्यकता नहीं है मंडावली और बिजनौर की दूरी लगभग 15 किलोमीटर है और इस पर ही शीशपाल एईऔर उनके कई जेई काम कर चुके हैं ।

## आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सहकारिता की साख को मजबूत करना पड़ेगा : सूर्य प्रताप शाही

**लखनऊ**



मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र आने वाले समय में नई ऊँचाईयों तक पहुंचेगा। उप्र के सहकारिता विभाग को देश में नं-01 बनाने का संकल्प लिया गया और हम इस संकल्प को शीघ्र ही पूर्ण कर लेंगे। यह बातें सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने सहकारिता भवन के पीसीयू सभागार में आयोजित 69वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के समपान दिवस के अवसर कही। 14 से 20 नवम्बर, 2022 तक चलने वाले 69 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के आखिरी दिन आज सहकारिता भवन के पीसीयू सभागार में उप्र को-ओपरेटिव बैंक लि. तथा उप्र सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. के संयुक्त तत्वाधान में वित्तीय समावेशन, पैक्स का डिजिटलीकरण और सुदृढ़ सहकारी डेटाबेस विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारम्भ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए राठौर ने कहा कि सहकारी सप्ताह के अवसर पर पिछले सात दिनों में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, निःसंदेह इसका लाभ सहकारिता क्षेत्र को आगे बढ़ाने में होगा। उन्होने कहा कि हमारे देश में वित्तीय समावेशन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उन लोगों तक आसानी से तथा कम लागत के साथ वित्तीय सेवाओं को पहुंचाना है, जो अभी तक इससे अछूते है। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन के असली कर्णधार हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि को-आपरेटिव बैंकिग को सुदृढ किया जा रहा है, उन्होने इसके लिए नाबार्ड तथा आरबीई से सहयोग की अपेक्षा की। राठौर ने कहा कि सहकारिता को गांव-गांव तक पहुंचाना है, जिससे इसका लाभ अंतिम पायदान के व्यक्ति को भी मिल सके, इसमें कई समस्यायें एवं चुनौतियों सामने आयेंगी। लेकिन अगर हम मन में संकल्प ले लें, तो कोई कार्य मुश्किल नहीं होगा। श्री राठौर ने कहा कि प्राथमिक सहकारी समितियों (पैक्स) को सक्रिय किये जाने तथा डिजिटलीकरण का कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक पैक्स पर कर्मचारियों की नियुक्ति की जायेगी तथा इनको बहुउद्देशीय बनाया जायेगा। सभी पैक्स का डेटाबेस आधुनिक तरीके से तैयार किया जा रहा है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सहकारिता निरन्तर ऊचाईयां छू रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व विगत 08 वर्षों में अमूल-चूल परिवर्तन हुये है। जनधन योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों के खाते खोले गये है। योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में भेजा जा रहा है। उन्होने कहा कि सहकारिता विभाग को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा अथक प्रयास करके सहकारिता में भ्रष्टाचार को खत्म किया गया है। उनके द्वारा सहकारिता में विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है एवं अधिक क्रियाशील करने हेतु रणनीति तैयार की गयी है तथा सहकारिता मंत्री द्वारा इस रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि को-आपरेटिव एवं उप्र ग्राम सहकारी बैंको द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं के लिए सस्ते दर पर ऋष्ट दिया जा रहा है, जो यह दर्शाता है कि सहकारिता अब सक्षमता के साथ आगे की ओर बढ़ रही है। सहकारी बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छा कार्य कर रही है। कृषि अवस्थापना निधि (ए.आई.एफ.) सहकारी क्षेत्र को और अधिक मजबूती दे सकता है। अधिक से अधिक पैक्स समितियों को सक्रिय करने कि आवश्यकता है, जिससे कि आत्मनिर्भर ग्रामीण क्षेत्र को खड़ा किया जा सके। आत्मनिर्भर गांव एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सहकारिता की साख को मजबूत करना पड़ेगा।

## यात्रा के दौरान यात्रियों को मिलेंगी साफ-सुथरी बसें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत परिवहन निगम द्वारा चारबाग एवं बाराबंकी बस स्टेशन पर अन्य जनपदों से आने वाली बसों की भी साफ-सफाई एवं धुलाई किए जाने की व्यवस्था की गई है। पहले बसों को अपने डिपो के वर्कशॉप में धुलाई के लिए जाना पड़ता था। लंबी दूरी की बसों में साफ सफाई बेहतर रखने के लिए यह कदम उठाया गया है । दयाशंकर सिंह ने बताया है कि लंबी दूरी की बसों में यात्रियों को बेहतर साफ सफाई मिले और उन्हें बसों में गंदगी का न हो, इसके लिए यह व्यवस्था की गई है। जल्द ही अन्य बड़े बस स्टेशनो पर भी यह सुविधा शुरू किये जाने की व्यवस्था करने के निर्देश परिवहन निगम के अधिकारियों को दे दिए गए हैं ।

## उप्र: ट्रक में घुसी कार तीन लोगों की मौत

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली-नैनीताल मार्ग पर बहेड़ी थाना क्षेत्र में रविवार तड़के एक कार के ट्रक में घुस जाने से कार सवार एक युवती समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बरेली के पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि रविवार सुबह बहेड़ी पुलिस को सूचना मिली कि करीब सवा तीन बजे बरेली-नैनीताल हाईवे पर लोधीपुर चौराहे के पास बरेली की ओर आ रहे एक ट्रक में एक कार पीछे से घुस गई।

## योगी सरकार मध्य, प. यूपी में बनाएगी बीफॉर्मा-मेडिकल डिवाइस पार्क

**लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए मेडिकल इंडस्ट्री की ओर रूख किया है। इससे जहां एक ओर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में एकाएक उछाल आएगा, वहीं दूसरी ओर प्रदेशवासियों को सस्ता इलाज, दवा और जांच की बेहतर सुविधा मिलेगी। इसके लिए योगी सरकार प्रदेश के मध्य और पश्चिमी यूपी को बीफॉर्मा और मेडिकल डिवाइस पार्क के रूप में विकसित करेगी। इतना ही नहीं योगी सरकार फॉर्मा पार्क जमीन खरीदने पर कंपनी को ब्याज पर सब्सिडी, बुनियादी सुविधाओं के निर्माण पर ब्याज पर सब्सिडी देगी। इसके साथ ही कंपनी को कुल लागत पर 15 प्रतिशत सब्सिडी के साथ स्टांप शुल्क पर भी छूट दी जा सकती है। यूपी में बने मेडिकल डिवाइस और दवाओं को जर्मनी, फ्रांस, साउथ एशिया और यूएसए में सप्लाई किया जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि वर्तमान में मेडिकल इंडस्ट्री में काफी ऑपर्च्युनिटी है क्योंकि यह हाईटेक और डिमांडिंग इंडस्ट्री है। वहीं पूरे देश में यूपी में सबसे ज्यादा सालाना लगभग 74 हजार फॉर्मा ग्रेजुएशन की पढ़ाई बच्चे पूरी करते हैं। ऐसे में यूपी को मेडिकल हब के रूप में आसानी से विकसित किया जा सकता है। मध्य और पश्चिमी यूपी के कुछ शहर ज्यादा मुफीद हैं। यह शहर एक्सप्रेस-वे के आस-पास मौजूद हैं। साथ ही यहां पर पहले से छोटी-छोटी मेडिकल कंपनियां हैं। सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान में मेडिकल के क्षेत्र में यूपी ग्रोथ स्टेट वैल्यू एडिशन (जीएसवीएन) वन बिलियन डॉलर से कम है इसे बढ़ाकर 2 से 3 बिलियन डॉलर करने की जरूरत है। ऐसे में इसे बढ़ाने के लिए मेडिकल डिवाइस पार्क को विकसित करने के लिए गौतमबुद्धनगर को चुना गया है। इसके लिए गौतमबुद्धनगर स्थित जेवर एयरपोर्ट के पास जमीन को चिन्हित कर लिया गया है। जल्द ही यहां पर मेडिकल डिवाइस पार्क के निर्माण का काम शुरू हो जाएगा। इसके अलावा गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर और हापुड़ में फॉर्मा पार्क का निर्माण किया जाएगा। योगी सरकार मेडिकल इंडस्ट्री की दिग्गज कंपनियों को यूपी में फॉर्मा पार्क की स्थापना के लिए जमीन खरीद पर 50 प्रतिशत तक ब्याज पर सब्सिडी और फॉर्मा पार्कों के अंदर बुनियादी सुविधाओं के साथ सामान्य सुविधाओं के निर्माण पर 60 प्रतिशत तक ब्याज पर सब्सिडी देगी। इसके अलावा कुल लागत पर 15 प्रतिशत तक सब्सिडी देने के साथ जमीन खरीद पर स्टांप शुल्क में छूट देगी। यूपी को मेडिकल इंडस्ट्री के रूप में विकसित करने के लिए करीब एक हजार से लेकर 17 सौ एकड़ जमीन की जरूरत पड़ेगी। योगी सरकार 3 से 4 बिलियन डॉलर खर्च करेगी।

## नगर पालिका द्वारा सफाई न किए जाने से नुमाइश ग्राउंड में पनप रही हैं कई बीमारियां

**बिजनौर**

नगर पालिका द्वारा सफाई ना कराये जाने पर नुमाइश ग्राउंड में काफी बीमारियां पनप रही हैं। क्योंकि नुमाइश ग्राउंड एक ऐसा स्थान है जहां पर हर नेता अधिकारी आए दिन आते जाते रहते हैं। उसके बावजूद भी नगरपालिका को बार-बार चेतने पर भी नगरपालिका नुमाइश ग्राउंड में सफाई कराने को तैयार नहीं है। यहां पर कई लोग आकर सोच भी करते हैं। जिस तरह की गंदगी यहां हो रही है शायद ही शहर में इस तरह की गंदगी कहीं और हो। यहां पर जिस तरह से जमीनों पर कब्जा लोगों ने कर रखा है शायद ही नगरपालिका की किसी और जगह पर कबजा लोगो ने कर रखा हो। आखिरकार नगरपालिका अपनी आंख कब खोलेगी। कब तक सफाई अभियान को पलीता लगाता रहेगा। विभाग की अनदेखी के चलते यहां डेंगू मलेरिया आदि जैसी बीमारियां फैल रही हैं बार-बार चताने पर भी विभाग यहां सफाई कराने से आखिरकार क्यों गुरेज कर रहा है।

**लोकार्पण** *मुख्यमंत्री ने सहारनपुर में 145 करोड़ की 243 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया*

# पिछली सरकारों ने राजनीति का अपराधीकरण व अपराधियों का राजनीतिकरण किया

**लखनऊ**




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं है, लेकिन विकास के लिए सुरक्षा और सुरक्षा के लिए अच्छी सरकार आवश्यक है। आपने 2017 में पीएम मोदी के आह्वान पर यूपी में भाजपा सरकार और इनके प्रतिनिधियों को चुना। इसका परिणाम आपके सामने है। जिस प्रदेश से पलायन होता था, गुंडागर्दी चरम पर थी। हर दूसरे दिन 3 बड़े-बड़े दंगे होते थे, वह प्रदेश दंगामुक्त हो चुका है। आज यहां पलायन नहीं हो रहा, बल्कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए यह निवेश के लिए दुनिया को आकर्षित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने रविवार को सहारनपुर में प्रबुद्ध सम्मेलन के दौरान 145 करोड़ की 243 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने नगर विकास विभाग व औद्योगिक विकास पर लघु फिल्म देखी और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चाबी, चेक व स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। सीएम ने सहारनपुर से भाजपा के 5 विधायक जिताने पर लोगों को साधुवाद दिया। सीएम ने कहा कि सुरक्षा हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए देवबंद में एटीएस की स्थापना में कोताही नहीं बरती गई। भाजपा सरकार आने से पहले जिन्होंने शासन किया, उनकी राजनीति परिवारवाद व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी थी। नौजवानों, किसानों, व्यापारियों, उद्यमियों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जाता था। राजनीति का अपराधीकरण और अपराधियों के राजनीतिकरण का पाप भी किया। इस कारण प्रदेश में कोई आना नहीं चाहता था, जिन्होंने निवेश किया था, वे पलायन कर रहे थे। तब कैराना और कांधला जैसी घटनाएं होती थीं पर आज यूपी में निवेशक वापस आ चुके हैं। अब अपराधी यूपी छोड़कर भाग रहे हैं। अपराध व अपराधियों, भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जीरो टालरेंस के साथ काम कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि सहारनपुर यूपी का सीमांत जनपद है। एक तरफ उत्तराखंड, दूसरी तरफ हरियाणा की सीमा है। यहां मां गंगा व यमुना का आशीर्वाद बना है। किसान ऊर्जा के साथ खेतों में ऊपज को सोने में उगलता है। हस्तशिल्पी काष्ठकला को वैश्विक पहचान दे रहा है। सहारनपुर में अनंत संभावनाएं हैं, जिसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। इस निमित्त यहां के प्रबुद्धजनों से संवाद बनाने यहां आया हूं। सीएम ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले मां शाकुंभरी के नाम पर विश्विद्यालय का शिलान्यास किया था। आज उसका भव्य भवन बन रहा है। यहां अगले वर्ष तक नौजवानों के लिए अपने जनपद में विश्वविद्यालय होगा। सहारनपुर में सरसावा एयरपोर्ट पर लैंड अधिगृहित करके दी। कार्य प्रारंभ हो चुका है। सहारनपुर भी जल्द ही देश-दुनिया की एयर कनेक्टिविटी से जुड़ेगा। सड़क कनेक्टिविटी अब बहुत अच्छी हो गई है। 2017 से पहले मुजफ्फरनगर से सहारनपुर आने में 2 घंटे लगते थे। सहारनपुर से शामली व देहरादून मार्ग की दुर्गति थी। सहारनपुर-मुजफ्फरनगर मार्ग पर 753 करोड़ रुपये खर्च किए। अब यह दूरी 2 घंटे की बजाय 45 मिनट में तय होती हैं। 612 करोड़ रुपये से सहारनपुर-शामली मार्ग लगभग पूरा हो चुका है। सहारनपुर से देहरादून मार्ग लगभग 1200 करोड़ से देश के बेहतरीन मार्गों में बन रहा है। लगभग एक हजार करोड़ से यहां की सड़कों, ब्रिज का निर्माण हुआ। जल जीवन मिशन के साथ हर घर नल योजना को पीएम मोदी के विजन के अनुरूप साकार करने के लिए कार्य हो रहा है। तेजी से हर घर को शुद्ध पेयजल से जोड़ रहे हैं। सीएम ने बताया कि रविवार सुबह लखनऊ में 1354 नर्सों को नियुक्ति पत्र दिया।

## योगी सरकार के प्रयास से जल जीवन सर्वेक्षण में यूपी का बोलबाला

**लखनऊ**

जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में हर घर नल कनेक्शन देने में यूपी के शाहजहांपुर ने इतिहास रच दिया है। योगी सरकार के इस प्रयास कर कारण एक महीने में सबसे अधिक नल कनेक्शन देने में शाहजहांपुर देश में नम्बर वन बन गया है। जल जीवन मिशन की वेबसाइट पर दिये गये आंकड़ों के मुताबिक बुलंदशहर, बरेली, मिर्जापुर को भी इस सर्वेक्षण में स्थान मिला है। इस उपलब्धि को ग्रामीण पेयजल आपूर्ति के मामले में योगी सरकार की बड़ी छलांग माना जा रहा है। इस सर्वेक्षण में योजना की प्रगति के आधार पर मिलने वाले अंकों से देश भर में जिलों का चुनाव किया जाता है। योगी सरकार के प्रयासों की बदौलत अक्टूबर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले यूपी के जिलों में शाहजहांपुर, बुलंदशहर और बरेली के नाम दर्ज हुए हैं। जिलों की रैकिंग में शाहजहांपुर 689990 अंक पाकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली श्रेणी में शीर्ष पर है। बुलंदशहर 657180 अंक प्राप्त कर दूसरे और बरेली 619114 अंक प्राप्त कर इस श्रेणी में तीसरे स्थान पर है। अक्टूबर में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाले जिलों में यूपी का शाहजहांपुर पहले स्थान पर, मिर्जापुर दूसरे और बुलंदशहर तीसरे स्थान पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना को उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार बड़ी तेजी से आगे बढ़ा रही है। दिसम्बर तक बुंदेलखंड में 90 प्रतिशत से अधिक नल कनेक्शन प्रदान किये जाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।जल जीवन सर्वेक्षण-2023 में 5 श्रेणियों में देश भर के जिलों को चुना जाता है। चार श्रेणियों में एक माह में 100 प्रतिशत नल कनेक्शन वाले जिलों को फ्रंट रनर में, 75 से 100 प्रतिशत नल कनेक्शन करने वाले जिलों को हाई एचीवर्स, एचीवर्स की श्रेणी में, 50 से 75 प्रतिशत तक नल कनेक्शन प्रदान करने वाले जिलों को परफार्मर्स की श्रेणी और 0 से 25 प्रतिशत नल करने करने वाले जिलों को एस्पिरेंट श्रेणी में शामिल किया जाता है। उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर ने अकेले अक्टूबर में 28419 नल कनेक्शन देकर एस्पिरेंट श्रेणी में पहला स्थान बनाया। वेबसाइट के मुताबिक एक अक्टूबर तक 44557 परिवारों को टैप कनेक्शन दिये गये। जबकि 31 अक्टूबर तक नल कनेक्शन देने का आंकड़ा 72976 पहुंचा है।

# राजकुमार की हर फिल्म ने तोड़े कमाई के तमाम रिकॉर्ड

बॉलीवुड हो या हॉलीवुड बहुत ही कम ऐसा कोई निर्देशक देखने को मिलता है, जिसने जितनी भी फिल्में बनाईं सभी ब्लॉकबस्टर हिट रहीं हो। यदि ऐसा कोई हो तो वह सिनेमा जगत के लिए किसी नगीने या हीरे से कम नहीं होगा। कमाल की बात यह है कि हमारी बॉलीवुड इंडस्ट्री में ऐसा एक हीरा है, जिसका नाम राजकुमार हिरानी है। राजकुमार हिरानी ने अभी तक अपने करियर में पांच फिल्में की हैं और पांचों ही ब्लॉकबस्टर हिट रहीं। इस हिसाब से राजकुमार हिरानी को 100 फीसदी सफलता मिली है। राजकुमार हिरानी आज यानी 20 नवंबर को अपना 60वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर हम उनके जीवन के एक ऐसे पहलू पर प्रकाश डालने वाले हैं, जिसने उन्हें भारतीय सिनेमा का हीरा बना दिया है। हिंदी सिनेमा के सबसे लोकप्रिय और सफल निर्देशकों में से एक, राजकुमार हिरानी को शायद 100 प्रतिशत सफलता हासिल करने वाले हिंदी सिनेमा के एकमात्र फिल्म निर्माता होने का टैग दिया जा सकता है।




केवल पांच फिल्मों का सफर तय करने वाले राजकुमार हिरानी ने साबित कर दिया कि किसी को भी सफलता के लिए ज्यादा फिल्में करने की जरूरत नहीं होती है। उनकी फिल्में हिट होने के पीछे उनकी दृष्टि, कहानी कहने की शैली, सितारों को चुनने की उनकी सूझबूझ और बहुत ही बारीकी से काम करने के तरीके ने उन्हें इतना लोकप्रिय बना दिया कि उनकी हर फिल्म सुपरहिट रही। यही वजह है कि उन्हें दर्शकों, उद्योग और आलोचकों से समान रूप से प्रशंसा मिली है। साल 2000 में आई फिल्म मिशन कश्मीर से अपने करियर की शुरुआत बतौर फिल्म एडिटर करने वाले राजकुमार हिरानी का सिनेमा इंडस्ट्री में असली सफर साल 2003 से शुरू हुआ था। इस साल उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस आई। संजय दत्त और अरशद वारसी की मुख्य भूमिकाओं वाली इस फिल्म ने कामयाबी के झंडे गाड़ दिए थे। राजकुमार हिरानी पहली ही फिल्म से छा गए थे, जिसके लिए उन्हें कई अवार्ड भी मिले थे। अपनी इस फिल्म में राजकुमार हिरानी ने दर्शकों को इतनी पॉजिटिविटी दिखाई कि लोगों का देखने का नजरिया ही बदल गया था। खास बात यह थी कि राजकुमार हिरानी को अपना काम खत्म करने या फिर नए प्रोजेक्ट को शुरू करने की जरा भी जल्दी नहीं रहती थी। वह हमेशा अपनी फिल्मों को अपने नजरिए की तरह से पर्दे पर उतारने के लिए भरपूर समय लेते थे। पहली फिल्म हिट होने के पूरे तीन साल बाद 2006 में राजकुमार हिरानी मुन्ना भाई एमबीबीएस का अगला पार्ट लगे रहो मुन्नाभाई लेकर आए। एक बार फिर संजय दत्त और अरशद वारसी की जोड़ी आई, और राजकुमार हिरानी ने फिर से जबरदस्त कामयाबी हासिल की। यह फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस से भी बहुत ज्यादा हिट हुई। इन फिल्मों की दीवानगी का आलम यह है कि लोग आज भी इसकी तीसरी कड़ी का इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद राजकुमार हिरानी तीन साल बाद लौटे और साल 2009 में फिल्म थ्री इडियट्स लेकर आए। इस फिल्म को हिन्दी सिनेमा की सबसे शानदार फिल्मों में से एक माना जाता है। फिल्म ने कमाई के रिकॉर्ड तोड़े और समीक्षकों ने भी खूब सराहा।

थ्री इडियट्स के बाद राजकुमार हिरानी ने अपने चाहने वालों को लंबा इंतजार कराया। निर्माता-निर्देशक पूरे पांच साल के बाद 2014 में अपनी एक नई और लोगों की सोच से परे फिल्म पीके लेकर आए। फिल्म ने कमाई के मामले में नए कीर्तिमान स्थापित किए। फिल्म की कहानी, कॉन्सेप्ट से लेकर आमिर, अनुष्का की एक्टिंग तक सभी को खूब सराहा गया था। हालांकि, बहुत से लोग ऐसे थे, जिनको फिल्म में दिखाए गए दृश्यों से वैचारिक मतभेद थे, लेकिन कुल मिलाकर बॉक्स ऑफिस के साथ-साथ पीके ने दर्शकों के दिलों में एक अलग छाप छोड़ी थी। पीके के बाद फिर एक बार राजकुमार हिरानी ने संजय दत्त का हाथ थामा था ,लेकिन इस बार वह संजू बाबा को अपनी कहानी में उतारने की बजाय अभिनेता के जीवन को फिल्मी पर्दे पर उतारने की तैयारी कर रहे थे। जी हां, पूरे तीन साल बाद राजकुमार हिरानी अपनी ही फिल्म के हीरो यानी संजय दत्त की बायोपिक संजू लेकर आए। हालांकि संजय दत्त की इस बायोपिक से राजकुमार हिरानी को थोड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा, लेकिन इस फिल्म ने भी कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े। राजकुमार हिरानी की कामयाबी की गवाही उनके इनाम भी दे रहे हैं। पांच फिल्मों से ही 11 फिल्मफेयर अवार्ड जीत चुके राजकुमार हिरानी इस समय अपनी छठी फिल्म लाने की तैयारी कर रहे हैं।

## बॉलीवुड...

# किन्नरों के झुंड में सवालिया नज़रों से घूरते दिखे नवाजुद्दीन सिद्दीकी

भारतीय राजनीति के भीष्म पितामह माने जाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी का कद काफी बड़ा था। वह देश के जन-जन में काफी लोकप्रिय थे। अब दिग्गज नेता पर एक फिल्म बनने जा रही है। इस फिल्म में अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार जाने-माने अभिनेता पंकज त्रिपाठी निभाएंगे। यह फिल्म अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित होगी। फिल्म का निर्माण भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड और लीजेंड्स स्टूडियोज के बैनर तले होगा। जानकारी के मुताबिक इस फिल्म का निर्देशन रवि जाधव कर रहे हैं इस बात की जानकारी खुद रवि जाधव ने हमें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके दी है अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर बनने वाले फिल्म की अनाउंसमेंट इसी साल 28 जून को हुई थी।




2- बिग बॉस के 16वें सीजन का ये 7वां सप्ताह चल रहा है। बिग बॉस 16 में इस हफ्ते शालीन भनोट, टीना दत्त, गौतम सिंह विग और सौंदर्या शर्मा नोमिनेट हुए थे। बिग बॉस से जुड़े एक सूत्र ने अपने सोशल मीडिया पेज पर शेयर किया है कि इस हफ्ते गौतम सिंह विग का इविक्शन हो रहा हैं यानि कि गौतम सिंह विग इस हफ्ते घर से बाहर जाएंगे। गौतम सिंह विग लगातार अच्छा खेल रहे थे शालीन से झगड़े और सौंदर्या शर्मा के साथ फेक लव एंगल को लेकर वह सलमान खान और करण जौहर के निशाने पर आये थे। इसके बाद से ही घर के अंदर सौंदर्या और गौतम के रिश्ते को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे थे। घर वालों का कहना था कि गौतम सिंह विग गेम खेल रहे हैं और वह सौंदर्या के साथ फेक रिलेशनशिप में हैं।

3- भूल भुलैया 2 की सुपर सफलता के बाद कार्तिक आर्यन का करियर इस वक्त बुलंदियों पर है। कार्तिक के पास दर्शकों के लिए कई रोमांचक फिल्में हैं। उनकी आने वाली परियोजनाओं में से एक कबीर खान की अगली अनटाइटल्ड फिल्म है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेता फिल्म में एक मुक्केबाज की भूमिका निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि कार्तिक अपने ट्रांसफॉर्मेशन के लिए आलिया भट्ट के भाई राहुल भट्ट से ट्रेनिंग ले रहे हैं। उसी की पुष्टि करते हुए, राहुल ने विशेष रूप से बताया कि वह वास्तव में कार्तिक को कबीर की फिल्म के लिए ट्रांसफॉर्मेशन के लिए प्रशिक्षित कर रहे हैं।

4- पंजाबी फिल्म उद्योग की रानी और पंजाबी फिल्मों की हेमा मालिनी के रूप में जानी जाने वाली दिग्गज अभिनेत्री दलजीत कौर का गुरुवार को लुधियाना जिले के सुधार में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 68 वर्ष की थीं। पिछले कुछ सालों से दलजीत कौर मुंबई से शिफ्ट होने के बाद अपने रिश्तेदार हरजिंदर सिंह खंगुरा के साथ सुधर में रह रही थी। उनकी तबियत खराब रहने लगी थी इस लिए वह मुंबई से पंजाब शिफ्त हुई। खंगुरा ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि वह डिमेंशिया से पीड़ित थीं और लंबी बीमारी के कारण उनका निधन हो गया।

5- अजय देवगन और तब्बू की फिल्म 'दृश्यम' सात साल पहले आयी थी और इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। फिल्म के कुछ डायलॉग इतने मशहूर हुए थे कि हर गांधी जयंती पर सोशल मीडिया पर 2 और 3 अक्टूबर ट्रेंड करने लगते थे। अब सात साल बाद फिल्म 'दृश्यम' का सीक्वल रिलीज हुआ है। फिल्म के दूसरे पार्ट में किसी नयी कहानी को नहीं लाया गया है बल्कि पुरानी कहानी को आगे बढ़ाया गया हैं। 'दृश?यम' के पहले पार्ट में हमने देखा था कि अजय देवगन से मिलने के लिए आखिर में तब्बू और रजत कपूर आते है और अजय देवगन से अपने बेटे के सच के बारे में पूछते हैं। वह अजय देवगन से जानना चाहते है कि क्या उनका बेटा वापस आएगा या नहीं। इसके बाद फिल्म का क्लाइमेक्स दिखाया जाता है और फिल्म खत्म हो जाती है। अब फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाया गया है।

6- अक्षय कुमार पत्नी और बच्चों के साथ लंदन में वक्त बिता रहे हैं। Twinkle Khanna ने एक बार फिर से अपनी पढ़ाई की शुरुआत की है। अक्षय कुमार ने Twinkle Khanna की जासूसी करनी शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर ट्विंकल ने पोस्ट में अपना एक्सपीरिएंस फैंस को बताया हैं।

7- नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपने लुक को लेकर काफी चर्चा में हैं। फिल्म हड्डी से नवाजुद्दीन सिद्दीकी का किन्नर लुक वायरल हो रहा है। फिल्म में नवाज एक ट्रांसजेंडर महिला का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने 80 रियल लाइफ ट्रांसजेंडर्स के साथ काम किया हैं।

8- तमन्ना भाटिया की शादी की खबरें कई दिनों से सोशल मीडिया पर छाई हैं। तमन्ना ने रिएक्शन देते हुए फैंस को अपने बिजनेसमैन हसबैंड से मिलवाया हैं। तमन्ना ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। उन्होंने लिखा है कि मिलिए मेरे बिजनेसमैन हसबैंड से। इस वीडियो को देखकर आपकी भी हंसी छूट जाएगी। वीडियो में कोई और नहीं बल्कि खुद तमन्ना ही मूंछ लगाए दिखाई दे रही हैं।

# अवॉर्ड जीतकर इमोशनल हुईं शहनाज

सिद्धार्थ को याद कर कहा- तू मेरा है और तू मेरा ही रहेगा...



## बॉलीवुड ...

बिग बॉस 13 से करियर की शुरुआत करने वाली शहनाज गिल आज टेलीविजन और फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम है। शहनाज हमेशा ही सुर्खियों में बनी रहती है। इस बार फिल्मफेयर मिडिल ईस्ट अचीवर्स नाइट 2022 में शहनाज गिल को खास अवॉर्ड दिया गया है। इस अवॉर्ड को लेते हुए शहनाज गिल काफी इमोशनल नजर आई। इस अवॉर्ड को उन्होंने सिद्धार्थ शुक्ला को डेडिकेट किया है। इस अवॉर्ड शो में सिद्धार्थ को याद करने से सिडनाज के फैंस भी काफी खुश हो गए है। बता दें कि बिग बॉस 13 में सिद्धार्थ और शहनाज की जोड़ी को फैंस प्यार से सिडनाज़ कहकर बुलाते है। शहनाज ने स्टेज पर अवॉर्ड लेने के बाद कहा कि, मैं अपने परिवार, फ्रैंड्स और टीम को इस अवॉर्ड का श्रेय नहीं दूंगी। ये अवॉर्ड मुझे मेरी मेहनत की वजह से मिला है। इसके बाद शहनाज ने एक डॉयलॉग बोला जो वो सिद्धार्थ के लिए बोलती आई है। उन्होंने अवॉर्ड देखते हुए कहा तू मेरा है और मेरा ही रहेगा। उन्होंने कहा मैं एक व्यक्ति को थैंक्यू कहना चाहूंगी जो मेरे जीवन में आया। उन्होंने कहा सिद्धार्थ शुक्ला ये तुम्हारे लिए है।

### सिद्धार्थ को हर पल याद करती हैं शहनाज

इस अवॉर्ड शो में सिद्धार्थ को याद कर शहनाज ने साबित कर दिया कि वो सिद्धार्थ से आज भी प्यार करती है। तरक्की के बाद भी शहनाज को सिद्धार्थ याद है। अवॉर्ड शो में सिद्धार्थ का जिक्र कर शहनाज ने बता दिया कि वो भले ही हसती रहें मगर सिद्धार्थ की कमी उनके जीवन में हमेशा रहेगी।

### ऐसे हुई थी दोनों की मुलाकात

बता दें कि सिद्धार्थ शुक्ला टीवी इंडस्ट्री का जाना पहचाना नाम थे। उनकी और शहनाज की मुलाकात बिग बॉस 13 के सेट पर हुई थी। दोनों की दोस्ती काफी अच्छी थी। फैंस को दोनों की जोड़ी पसंद आती थी, जिन्हें प्यार से सिडनाज कहा जाता था। बता दें कि शो के दौरान शहनाज ने बताया था

# एसएस राजामौली ने की गवर्नर्स अवॉर्ड में शिरकत

दक्षिण भारतीय फिल्मों का जलवा घरेलु बॉक्स ऑफिस पर तो कायम है ही, यह विदेशों में भी खूब धमाल मचा रही हैं। एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी फिल्म आरआरआर ने कई मील के पत्थर पार करते हुए विश्व स्तर पर एक हजार करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया है। इस फिल्म की चमक विदेशों में लगातार बढ़ रही है और इसी सिलसिले में अभिनेता रामचरण, जूनियर एनटीआर समेत निर्देशक राजामौली कई देशों में इवेंट्स का हिस्सा बन रहे हैं। अब हाल ही में राजामौली ने गवर्नर्स अवॉर्ड 2022 में शिरकत की। फिल्म आरआरआर को ऑस्कर में नामांकित करने की मांग भी की जा चुकी है हालांकि ऐसा संभव नहीं हुआ। अब अमेरिका के लॉस एंजेलिस में ऑस्कर से जुड़े अग्रिम कार्यक्रम गवर्नर्स अवॉर्ड्स का आयोजन किया गया था, इस अवॉर्ड फंक्शन में कई मशहूर हस्तियों को सम्मानित किया गया।



वहीं एसएस राजामौली ने भी इस अवार्ड फंक्शन में में भाग लिया। आरआरआर ने कमाई के मामले में सफलता के झंडे तो गाड़े ही हैं। इसके अलावा यह फिल्म 50वें सैटर्न अवॉर्ड में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फिल्म का पुरस्कार भी जीत चुकी है। आरआरआर को बेस्ट एक्शन एडवेंचर, बेस्ट निर्देशन सहित कई श्रेणियों में नामांकित किया गया था। इससे पहले भी राजामौली को फिल्म बाहुबली: द कन्क्लूजन के लिए सैटर्न अवॉर्ड मिल चुका है। बात करें आरआरआर तो यह फिल्म भारत के स्वतंत्रता सेनानियों, अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम के इर्द-गिर्द बुनी गई कहानी पर आधारित है।

# कबीर खान की फिल्म में मुक्केबाज की भूमिका निभाएंगे कार्तिक आर्यन

भूल भुलैया 2 की सुपर सफलता के बाद कार्तिक आर्यन का करियर इस वक्त बुलंदियों पर है। कार्तिक के पास दर्शकों के लिए कई रोमांचक फिल्में हैं। उनकी आने वाली परियोजनाओं में से एक कबीर खान की अगली अनटाइटल्ड फिल्म है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेता फिल्म में एक मुक्केबाज की भूमिका निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि कार्तिक अपने ट्रांसफॉर्मेशन के लिए आलिया भट्ट के भाई राहुल भट्ट से ट्रेनिंग ले रहे हैं। उसी की पुष्टि करते हुए, राहुल ने विशेष रूप से बताया कि वह वास्तव में कार्तिक को कबीर की फिल्म के लिए ट्रांसफॉर्मेशन के लिए प्रशिक्षित कर रहे हैं। एक सूत्र ने पिंकविला को बताया, कार्तिक आर्यन के लिए यह एक बड़ी चुनौती होने जा रही है क्योंकि उन्हें बॉक्सर की भूमिका निभाने के लिए एक भारी शरीर प्राप्त करना है।



अभिनेता ने पहले ही राजकोट में राहुल भट्ट के तहत प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। कियारा आडवाणी के साथ सत्य प्रेम की कथा की शूटिंग के बाद वह पूरी तरह से फिल्म के लिए समर्पित हो जाएंगे। कार्तिक आर्यन को अपनी पूरी काया और हाव-भाव को बदलना होगा। वह कई महीनों के सख्त व्यायाम शासन और नए आहार नियंत्रण का पालन करेंगे। एक मुक्केबाज की काया प्राप्त करने के लिए। काम के मोर्चे पर, कार्तिक के पास कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं। अभिनेता को अगली बार फ्रेडी में अलाया एफ के साथ देखा जाएगा। वह कथित तौर पर फिल्म में दंत चिकित्सक की भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे। यह 2 दिसंबर को डिजनी हॉटस्टार पर रिलीज होने वाली है। फ्रेडी के अलावा, अभिनेता के पास कियारा आडवाणी के साथ सत्य प्रेम की कथा है।

## बॉलीवुड ...

# सिद्धार्थ निगम और महिमा चौधरी ने बीटीएस-थीम वाले लाउंज बार 'बंगटन लाउंज' का किया उद्घाटन

अगर आप बीटीएस के फेन हैं तो आपको निश्चित रूप से ये जानकार खुशी होगी कि बीटीएस के फेन्स को ध्यान में रख कर मुंबई के मीरा-रोड एरिया में शानदार बंगटन लाउंज खोला गया है, जिसका उद्धघाटन सिद्धार्थ निगम और महिमा चौधरी ने किया हैं, अगर आप नाचने, गाने और खाने के शौकिन हैं तो एक बार बीटीएस-थीम वाले इस बार और लाउन्ज को जरूर एक्सपीरियंस करे. जैसा कि नाम से पता चलता है, मीरा रोड पर इस स्तिथ इस आलीशान, विशाल और स्लीक लाउंज बार की इंस्पिरेशन कोरियाई बॉय बैंड बंगटन सोनीएंडन व कहे बीटीएस से आई है। कोरियाई में बंगटन का अर्थ बुलेटप्रूफ होता है और इस लाउन्ज के मेकर्स ने गेस्ट के आराम और सर्विस को ध्यान में रख कर बनाया है!



इस लाउन्ज के मालिक किंगशूक गून और कौशिक गुन जो पिछले 5-6 सालो से दक्षिण कोरियाई बैंड बीटीएस से इंस्पायर्ड है, बोले, ऽउनके साथ हमारा सफर प्रेरणादायक और प्रेरक रहा है। इन लड़कों के माध्यम से हमें बहुत सी चीजों के बारे में पता चला है इस दुनिया में कई कठिनाइयां हैं, और हम चाहते हैं कि जहां श्रेय देना हैं उसे सराहना और श्रेय जरुरु दे 200 लोगों के लिए आरामदायक बैठने की व्यवस्था और लगभग 3500 वर्ग फुट के क्षेत्र के साथ, बंगटन लाउंज, फॅमिली और सभी उम्र के लोगों को एक प्रीमियम एक्सपीरियंस देता है, और फ़ूड के साथ थोड़ी मस्ती भी करना चाहते हैं. मिस्टर गुन बहुत ही प्रोगेसिव सोच के इंसान है, और पुराने तौर तरीकों में ज्यादा यकीन नहीं रखते है, वो हमेश कुछ नया करने में लगे रहते है, और इसी सोच के चलते बंगटग लाउंज का जन्म हुआ। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य अतिथि सत्कार और व्यवसाय के रूढ़िवादी मानदंडों को तोड़ना है लीग से हट कर कुछ बनाना चाहते थे, जहाँ आने वाली नई पीढ़ी बेहतरीन भोजन और संगीत का आनंद ले सके

फूडीज के लिए बीटीएस-थीम लाउन्ज और बार अल्टीमेट डेस्टिनेशन है, जहाँ आपको तरह तरह की कुजीन के साथ एंटरटेमेंट मिलता है. और जो लोग कोरियाई फ़ूड और के-पॉप के दीवाने हैं, बंगटन लाउन्ज उन सभी लोगो के एक हॉटस्पॉट है.

मुंबई के बांद्रा और अँधेरी इलाको में फाइन डाइन और रेस्टुरेंटस की कोई कमी नहीं है, लेकिन मीरा-रोड को ऐसा कोई ऑप्शन नहीं हैं जिसे यंग-क्राउड एक्स्प्लोर कर सके, लेकिन बंगटन लाउन्ज के साथ अब सब बदलने वाला हैं.

# ओटीटी पर रिलीज हुई चिरंजीवी की गॉडफादर

बॉलीवुड के दबंग खान यानि सलमान खान और चिरंजीवी की फिल्म गॉडफादर सिनेमाघरों में 5 अक्टूबर को रिलीज हुई थी। मल्टीस्टारर फिल्म अब ओटीटी पर पर भी रिलीज हो गई है। बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई करने वाली इस फिल्म को 19 नवंबर को ओटीटी पर रिलीज कर दिया गया है। गॉडफादर साल 2019 ही हिट मलयालम फिल्म लूसिफर का रीमेक है। गॉडफादर मूवी सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म पर 19 नवंबर को आ चुकी है। खबरों के मुताबिक, नेटफ्लिक्स ने इसके स्ट्रीमिंग राइट्स खरीद लिए हैं। इस डील में हिंदी और तेलुगू दोनों भाषाओं के राइट्स भी शामिल हैं। नए नियम के मुताबिक अब फिल्मों को थियेटर में रिलीज होने के चार हफ्ते बाद ओटीटी पर भी रिलीज किया जा सकेगा। ऐसे में अब चिरंजीवी और सलमान खान के फैंस इस फिल्म को ओटीटी पर आसानी से देख सकते हैं। गॉडफादर फिल्म में साउथ के सुपरस्टार चिरंजीवी के साथ सलमान खान और नयनतारा भी हैं। हालांकि, फिल्म में सलमान का कैमियो रोल है फिर भी फैन्स पहली बार चिरंजीवी और सलमान को एक साथ देख कर काफी खुश हुए थे।



## एक नजर

### पुजारा को आखिर मिली अर्जुन पुरस्कार ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को अर्जुन पुरस्कार के लिए सिफारिश किए जाने के पांच साल बाद इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया। पुजारा अपनी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं के कारण 2017 में पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। शनिवार को आखिरकार यहां हैंड ओवर (पुरस्कार सुपुर्द) समारोह में उन्हें ट्रॉफी उठाने का मौका मिला। खेल मंत्री से अनुराग ठाकुर से पुरस्कार प्राप्त करने के बाद उन्होंने ट्वीट किया, बीसीसीआई और अनुराग ठाकुर को बाद में अर्जुन पुरस्कार सौंपने के लिए यह सम्मान आयोजित करने के लिए धन्यवाद। इसे मैं अपनी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं के कारण उस साल ले नही पाया था। इसे लेकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और आभारी हूं। पुजारा सौराष्ट्र के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं, वह विजय हजारे ट्राफी के लिए राजधानी दिल्ली में हैं। वह भारत ए टीम का हिस्सा होंगे जो अगले महीने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगी। पुजारा ने काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम में वापसी की, वह 96 टेस्ट खेल चुके हैं।

### एरिगेसी ने लिएम ली को हराया, प्रगानानंद को कार्लसन से मिली शिकस्त

**सान फ्रांसिस्को।** युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने रविवार को यहां मेल्टवॉटर चैम्पियंस टूर फाइनल्स में स्पीड गेम के विशेषज्ञ क्वांग लिएम ली पर शानदार जीत हासिल की लेकिन हमवतन आर प्रगानांनद को दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा। एरिगेसी वियतनाम के प्रतिद्वंद्वी पर 2.5-0.5 की इस जीत से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि प्रगानांनद छठे दौर के बाद सातवें स्थान पर खिसक गए। टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है। कार्लसन ने भारत के 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर को 2.5-0.5 से शिकस्त देकर एक राउंड रहते ही टूर फाइनल्स जीत लिया। नार्वे के इस सुपरस्टार के 17 अंक हैं और वह बाकी खिलाड़ियों से पूरे पांच अंक आगे हैं। अमेरिका के वेस्ले सो ने पोलैंड के जीएम जान क्रिस्तोफ डुड को 3-0 से हराया जिससे वह 12 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर हैं। एरिगेसी के नौ अंक हैं। दिन के अन्य मैच में अजरबेजान के शखरियार मामेदयारोव ने नीदरलैंड के अनीश गिरी को 2.5-0.5 से हराया। मामेदयारोव और गिरी क्रमशः छठे और आठवें स्थान पर हैं।

### जोकोविच फाइनल में भिड़ेंगे रूड से

**तूरिन।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच सत्र के अंतिम प्रतिष्ठित एटीपी फाइनल्स में खिताब के लिए तीसरे वरीय कैस्पर रूड के सामने होंगे। जोकोविच की निगाहें अपना छठा एटीपी फाइनल्स खिताब जीतकर रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करने पर लगी हैं। उन्होंने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को 7-6 (5), 7-6 (6) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।



# सीमित ओवरों के प्रारूप से टेस्ट का दर्जा काफी ऊपर: स्टार्क

**एजेंसी ■ सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि टेस्ट करियर को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें अपने करियर के अगले चरण में सीमित ओवरों के प्रारूप को अलविदा कहना होगा क्योंकि उनके लिए लाल गेंद के प्रारुप का करियर सबसे पहले आता है। यह 32 साल का वामहस्त गेंदबाज उन छह खिलाड़ियों में से है जो ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी प्रारूप में खेलते है। स्टार्क ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के दूसरे मैच में 47 रन देकर चार विकेट लिए जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 की अजेय बढ़त कायम कर ली। स्टार्क ने कहा, टेस्ट (हमेशा) शीर्ष स्थान पर रहेगा। यह प्रारूप सीमित ओवरों के प्रारूप से काफी ऊपर है। स्टार्क के टीम की 2023 विश्व कप योजनाओं में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। उन्होंने वेस्ट इंडीज और यूएसए में होने वाले 2024 टी20 विश्व कप में खेलने की इच्छा का भी संकेत दिया है। उन्होंने कहा, मैं बाकी चीजों के बारे में बाद में फैसला करूंगा। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि मेरा शरीर कैसा महसूस करता है। खेलना मुझे पसंद है और अगर लय सही रही और टीम में चयन हुआ तो मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा।

# फीफा विश्व कप से पहले कतर के सामने खड़ी हुई भीड़ की समस्या

**एजेंसी ■ दोहा**

अधिकारियों ने कतर में शुरू होने वाले विश्व कप का जश्न मनाने वाले एक कसंर्ट (संगीत कार्यक्रम) से हजारों प्रशंसकों को वापस कर दिया। इससे दोहा में आगे की चुनौतियों का पता चलता है कि फीफा के सबसे बड़े टूर्नामेंट में वह लोगों की भीड़ से कैसे निपटता है। इतने से छोटे देश में फुटबॉल के महासमर के लिए 12 लाख फुटबॉल प्रेमियों के पहुंचने की उम्मीद है। निराश प्रशंसकों को



आयोजन स्थल के बाहर कतर की पुलिस, सुरक्षा गार्ड और अन्य ने इशारा करती बड़ी बड़ी फोम की ऊंगलियों, बुलहॉर्न और यातायात नियंत्रण करने वाले डंडों से हजारों लोगों को हटाया। कतर ने टूर्नामेंट स्टेडियम से बीयर की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है जिससे फैन जोन्स ही फीफा से जुड़े क्षेत्र होंगे जहां अल्कोहल युक्त बीयर परोसी जाएगी जिससे ज्यादा से ज्यादा प्रशंसक इन जगहों पर इकट्ठा होंगे। मुंबई से यहां पहुंचे एक 30 वर्षीय ट्रक ड्राइवर ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, हम जानते हैं कि यहां पुलिस जो कहती है वो होता है। इस ड्राइवर को और उसके दोस्तों ने फैन जोन में आने का फैसला किया था लेकिन उन्हें वापस कर दिया गया।

दूसरा टी20

# सूर्यकुमार का दूसरा टी20 शतक, भारत श्रृंखला में 1-0 से आगे

**एजेंसी ■ माउंट मोनगानुई**

शानदार फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार यादव (51 गेंद, नाबाद 111 रन) के तूफानी शतक से भारत ने रविवार को यहां दूसरे टी20 मैच में न्यूजीलैंड को 65 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में।-0 से बढ़त हासिल की। सूर्यकुमार (11 चौके और सात छक्के) ने एक बार फिर तेजर्तार बल्लेबाजी कौशल का नजारा पेश किया और उनके दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक की मदद से भारत ने छह विकेट पर 191 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए जिससे टीम 18.5 ओवर में 126 रन पर सिमट गई। उसके लिए कप्तान केन विलियमसन (61 रन) के अर्धशतक के अलावा कोई बड़ा योगदान नहीं कर सका। भारतीय गेंदबाजों में कामचलाऊ ऑफ स्पिनर दीपक हुड्डा सबसे सफल रहे जिन्होंने 19वें ओवर में तीन विकेट से 2.5 ओवर में 10 रन देकर चार विकेट



झटके। युजवेंद्र चहल (26 रन देकर दो विकेट) के लिए यह अच्छी वापसी रही, जिन्हें हालिया टी20 विश्व कप में एक भी मैच में नहीं खिलाया गया था। उन्हें और मोहम्मद सिराज को दो विकेट मिले जबकि भुवनेश्वर कुमार और वाशिंगटन सुंदर के खाते में एक एक विकेट आए। कप्तान हार्दिक पंड्या ने गेंदबाजी नहीं की।

पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। श्रृंखला का तीसरा टी20 22 नवंबर को नेपियर में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड को पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर करारा झटका लगा जब फिन एलेन खाता भी नहीं खोल सके और भुवनेश्वर कुमार की आउटस्विंग लेती गेंद पर थर्ड मैन में कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (22 गेंद में 25 रन) और विलियमसन (52 गेंद) ने 56 रन की साझेदारी निभाई लेकिन जरूरी रन गति को बनाए रखने के लिए बड़े शॉट नहीं लगा सके। कॉनवे फिर सुंदर पर स्वीप शॉट लगाने के प्रयास में डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर लपके गए। बिग हिटर ग्लेन फिलिप्स ने चहल की गेंद पर स्वीप शॉट लगाकर इरादे जाहिर किए लेकिन दो गेंद के बाद यही शॉट खेलने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे। न्यूजीलैंड का स्कोर 14वें ओवर में पांच विकेट पर 89 रन था और मैच लगभग खत्म ही हो गया था।

इससे पहले न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारत का ऋषभ पंत के साथ पारी आगाज करने का प्रयोग कारगर नहीं हुआ, वह 13 गेंद खेलने के बाद छह रन बनाकर आउट हुए। भारत ने पॉवरप्ले में एक विकेट पर 42 रन बनाए। बारिश के कारण 26 मिनट का खेल खराब हुआ लेकिन कोई ओवर नहीं घटाया गया। सूर्यकुमार ने गेंदबाजों के खिलाफ मन मुताबिक रन बनाकर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में मदद की। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज ईशान किशन (31 गेंद में 36 रन) और चौथे नंबर पर उतरे श्रेयस अय्यर (नौ गेंद में 13 रन) ने अच्छी शुरूआत की लेकिन इसे बड़ी पारी में नहीं बदल सके।



## मैं चाहता हूं कि और अधिक बल्लेबाज गेंद से योगदान दें: हार्दिक

**एजेंसी ■ माउंट माउंगानुई**

भारत के कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पंड्या समझते हैं कि बल्लेबाजों को जब गेंद थमाई जाएगी तो वे हर बार सफल नहीं होंगे लेकिन वह बेहतर गेंदबाजी विकल्पों के लिए अपनी टीम में और अधिक बल्लेबाजी हरफनमौलाओं को देखना चाहते हैं। सूर्यकुमार यादव के 51 गेंद में नाबाद 111 रन बनाने के बाद ऑलराउंडर दीपक हुड्डा ने अपनी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से चार विकेट चटक ए



जिससे दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 65 रन से हराया। हुड्डा निचले मध्यक्रम में प्रभावी बल्लेबाज भी हैं। पंड्या ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। सभी ने योगदान दिया लेकिन यह निश्चित रूप से सूर्या की एक विशेष पारी थी। हम 170-175 रन के स्कोर में भी खुश रहते। उन्होंने कहा, गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और यह मानसिकता में आक्रामक होने के बारे में था। इसका मतलब हर गेंद पर विकेट लेना नहीं है लेकिन गेंद के साथ आक्रामक होना महत्वपूर्ण है। पंड्या ने कहा, मैदान काफी गीला था इसलिए गेंदबाजों को श्रेय जाता है। मैंने काफी गेंदबाजी की है, भविष्य में मैं और अधिक गेंदबाजी विकल्प देखना चाहता हूं। ऐसा नहीं है कि यह हमेशा काम करेगा लेकिन मैं चाहता हूं कि अधिक बल्लेबाज गेंद से योगदान दें। अनिल कुंबले और माइकल वॉन जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद भारतीय टीम में गेंदबाजी विकल्पों की कमी की ओर इशारा किया था और टीम में अधिक बल्लेबाजी ऑलराउंडर शामिल करने की वकालत की। रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी कर रहे पंड्या ने कहा कि बतौर कप्तान उनका काम टीम को ड्रेसिंग रूम में सही माहौल देना है। उन्होंने कहा, मैं उनसे पेशेवर होने की उम्मीद करता हूं, जो वे हैं। उन्हें अपने खेल का आनंद लेने का मौका दें। यह एक ऐसा माहौल बनाने के बारे में है जहां वे सभी एक खुशहाल जगह पर हों। पंड्या ने कहा, मैं इस टीम में कई बार देखता हूं कि सभी खिलाड़ी एक-दूसरे की सफलता से खुश होते हैं और यह महत्वपूर्ण है। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने स्वीकार किया कि यह उनकी टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रयास नहीं था। उन्होंने कहा कि सूर्यकुमार की तेजर्तार पारी ने सारा अंतर पैदा किया। उन्होंने कहा, सूर्या की पारी बेजोड़ थी। मैंने अब तक जो बेहतरीन पारियां देखी हैं उनमें से एक। इनमें से कुछ शॉट मैंने पहले कभी नहीं देखे। वे शानदार थे। विलियमसन ने कहा, हम उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल पाए। हमें गेंद से लय नहीं मिली, पर्याप्त विकेट नहीं मिले और बल्ले से भी लय नहीं मिली। यह निराशाजनक था। सूर्यकुमार ने अपने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक के दौरान 11 चौके और सात छक्के लगाए।

### फ्रांस के स्टार करीम बेंजेमा चोट के कारण विश्व कप से बाहर



**दोहा।** गत चैम्पियन फ्रांस की विश्व कप उम्मीदों को करारा झटका लगा क्योंकि टीम के स्टार स्ट्राइकर करीम बेंजेमा शनिवार को ट्रेनिंग के दौरान बाईं जांघ में चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। बेंजेमा का विश्व कप जीतने का सपना कतर में एक भी मैच खेले बिना ही खत्म हो गया। फ्रांस फुटबॉल महासंघ (एफएफएफ) ने कहा, करीम बेंजेमा विश्व कप से बाहर हो गए हैं। महासंघ ने कहा, बाईं जांघ की क्वाड्रीसेप्स मांसपेशियों में खिंचाव के बाद रियाल मैड्रिड के स्ट्राइकर को विश्व कप से बाहर होने के लिए बाध्य होना पड़ा। बेंजेमा टीम के साथ पहले पूर्ण ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा ले रहे थे लेकिन बाईं जांघ में दर्द महसूस करने के बाद उन्हें बाहर होना पड़ा। एफएफएफ ने कहा कि उन्हें इससे उबरने के लिए तीन हफ्ते लेंगे। महासंघ ने कहा, वह दोहा में एक अस्पताल में एमआरआई स्कैन के लिए गया, जिसमें दुर्भाग्य से इस खिंचाव की पुष्टि हुई है। बेंजेमा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंड पर पोस्ट किया, मैंने कभी भी अपने जीवन में हार नहीं मानी है लेकिन आज रात मुझे टीम के बारे में सोचना होगा जैसा मैंने हमेशा किया है।

## शॉर्ट न्यूज

### सेनेगल के खिलाफ नीदरलैंड की कोशिश जीत के साथ अभियान शुरू करने पर



**दोहा।** दिग्गज खिलाड़ी सादियो माने की गैरमौजूदगी में फीफा विश्व कप में भाग ले रहे सेनेगल के खिलाफ शानदार लय में चल रही नीदरलैंड की टीम जीत के साथ अपना अभियान शुरू करना चाहेगी। कोच लुइस वान गाल की देखरेख में पिछले 15 मैचों से अजेय रही नीदरलैंड की टीम 2018 में रूस में हुए विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी। इसमें कोई संदेह नहीं कि नीदरलैंड की यह टीम मजबूत है लेकिन सोमवार को ग्रुप ए के मुकाबले में जब यह टीम मैदान में उतरेगी तो उसके सामने जीत दर्ज करने के साथ यह साबित करने की चुनौती भी होगी कि वे ब्राजील, गत चैम्पियन फ्रांस और अर्जेंटीना की तरह जीत के दावेदारों में शामिल है। कोच के तौर पर वान गाल का यह तीसरा कार्यकाल है और पिछली बार 2014 में वह जब टीम से जुड़े थे तब नीदरलैंड ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। दूसरी ओर अफ्रीकी चैम्पियन सेनेगल को अपने दिग्गज खिलाड़ी सादियो माने की कमी खलेगी जो चोट के कारण इस विश्व कप से बाहर हो गए हैं। वान गाल ने कहा, हमारे पास विश्व चैम्पियन बनने का अच्छा मौका है। कुछ ही कोच है जो इस तरह की बात करने का दमखम रखते है। लेकिन मैं ऐसा कह रहा हूं। नीदरलैंड की टीम 1974, 1978 और 2010 में विश्व कप के फाइनल में पहुंची है।

### मौजूदा विश्व कप चक्र में फीफा के राजस्व आंकड़े ने सात अरब 50 करोड़ डॉलर के आंकड़े को छुआ

**दोहा।** फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने रविवार को बताया कि उसने कतर में विश्व कप 2022 तक चार साल के व्यावसायिक करार से रिकॉर्ड सात अरब 50 करोड़ डॉलर का राजस्व हासिल किया। फीफा ने अपने 200 से अधिक सदस्य देशों के अधिकारियों के समक्ष आय का खुलासा किया। रूस में 2018 में हुए विश्व कप से जुड़े चार साल के चक्र में हुई राजस्व कमाई से यह एक अरब डॉलर अधिक है। विश्व कप के मेजबान देश के साथ हुए व्यावसायिक अनुबंधों से यह अतिरिक्त कमाई हुई है। कतर एनर्जी शीर्ष स्तर के प्रायोजक के रूप में जुड़ा है और तीसरे टीयर के प्रायोजकों में कतर का बैंक क्यूएनबी और टेलीकॉम कंपनी ओरेडू शामिल है। फीफा के साथ इस साल दूसरे टीयर का प्रायोजक वित्तीय कंपनी क्रिप्टो.कॉम भी जुड़ी।

### भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में खेलने के बारे में नहीं सोच रहे हेल्स

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले एलेक्स हेल्स के लिए यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा पारी की तरह है जहां वह इंग्लैंड और दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टीमों के लिए टी20 क्रिकेट खेलना चाहते हैं। हेल्स हाल ही में हुए टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के नायकों में से एक थे। उन्होंने सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ धमाकेदार पारी खेली थी। अगले साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप क्रिकेट में खेलने के बारे में पूछे जाने पर हेल्स ने कहा वह खुद भी 50 ओवर के प्रारूप में खेलना चाहते है लेकिन अभी उनका सबसे ज्यादा ध्यान खेल के सबसे छोटे प्रारूप पर है। हेल्स ने अमीरात टी10 लीग में भाग लेने वाली टीम अबू धाबी द्वारा आयोजित ऑनलाइन बातचीत में पीटीआई-भाषा से कहा, मुझे नहीं पता, लेकिन मुझे लगता है कि आगे चलकर मैं इंग्लैंड और फ्रेंचाइजी टीमों के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने पर ध्यान केंद्रित करूंगा। मैंने एकदिवसीय मैचों के बारे में ज्यादा नहीं सोचा है। हेल्स का मानना है कि एशिया, खासकर यूएई में खेलने से उन्हें स्पिन के खिलाफ अपने खेल में सुधार करने का मौका मिला था। उन्होंने कहा, उपमहाद्वीप की पिचों पर स्पिनरों को मदद मिलती है। आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप अपने तरीकों को अपनाएं। मुझे लगता है कि एक फ्रेंचाइजी क्रिकेटर के रूप में यह महत्वपूर्ण चीजों में से एक है। उन्होंने टी10 लीग को चुनने के बारे में कहा, आप पूरे साल भर अलग-अलग देशों और परिस्थितियों में टूर्नामेंट खेलते हैं, इसलिए आपको हर समय अपने खेल के कुछ क्षेत्रों में सुधार करते रहना होगा। इस लीग में टीम अबू धाबी 23 नवंबर को अपने अभियान का आगाज डेक्कन ग्लेडिएटर्स के खिलाफ करेगी। हेल्स ने कहा कि लाल गेंद प्रारूप के खेल को अलविदा कहने का उन्हें फायदा हुआ है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शीर्ष स्तर पर तीनों प्रारूपों में खेलना काफी मुश्किल है।

**फुटबॉल** फुटबॉल के जुनूनी प्रशंसक दुकानों के बाहर कतार में लग कर खरीदारी कर रहे हैं।

# भारत में भी विश्व कप फुटबॉल का खुमार

**एजेंसी ■ कोलकाता**

### टीमों की जर्सी और झंडों की खूब हो रही बिक्री



फुटबॉल विश्व कप का खुमार कोलकाता में अपने चरम पर है और यहां का मैदान बाजार विश्व कप के मेजबान कतर की गलियों की तरह हो गया है जहां प्रशंसक अपने चहेते खिलाड़ी की जर्सी और अलग-अलग देशों के झंडे खरीद रहे है। ऐतिहासिक मैदान के एक कोने में स्थिति बाजार में अर्जेंटीना, ब्राजील, पुर्तगाल, जर्मनी और स्पेन जैसे देशों के झंडे और जर्सी खूब बिक रहे है। फुटबॉल के जुनूनी प्रशंसक दुकानों के बाहर कतार लग कर खरीदारी कर रहे है। मैदान बाजार के एक दुकानदार आजिज शेख ने कहा, हम पिछले एक सप्ताह से भारी मांग देख रहे हैं। अर्जेंटीना के झंडे और जर्सी की सबसे अधिक मांग है, इसके बाद ब्राजील का स्थान है। हम उम्मीद करते हैं कि यह जोश पूरे विश्व कप के दौरान जारी रहेगा। कोननगर निवासी दुलाल सरकार ने कहा, मैंने अपने इलाके में और उसके आसपास प्रदर्शन के लिए फुटबॉल खेलने वाले सभी प्रमुख देशों के झंडे खरीदे हैं। मैं पिछले दो दशकों से इस टूर्नामेंट के दौरान ऐसा ही करता हूं। शेख ने कहा कि पिछले चार दिनों से रोजाना औसतन करीब 500 जर्सी बिक रही हैं। टी-शर्ट और शॉर्ट्स वाले जर्सी सेट की बाजार में कीमत छह से आठ सौ रुपए है, सामान्य आकार के झंडे की कीमत 150 रुपए है। शेख ने कहा कि बाजार में दो साल के उम्र के बच्चों के लिए भी जर्सी उपलब्ध हैं, जिसकी कीमत 300 रुपए प्रति सेट से शुरू होती है। गरिया में रहने वाले एक आईटी पेशेवर सोहेल खान ने कहा, हम क्रिस्टियानो रोनाल्डो (पुर्तगाल) के बड़े प्रशंसक हैं, और पूरा परिवार फुटबॉल मैच देखते हुए रोनाल्डो के नाम वाला जर्सी पहनता है। इस विश्व कप के लिए मैंने अपने चार साल के बेटे के लिए भी एक जर्सी खरीदी है। फुटबॉल प्रशंसकों ने कहा कि यह बाजार जर्सी, झंडे और अन्य सामानों के उचित कीमतों के कारण खरीदारों का पसंदीदा स्थान है। यहां की कीमत ई-कॉमर्स मंच से कम है।

क्लब स्तर पर फुटबॉल खेलने वाले अंकुर हाजरा ने कहा, मैंने लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना) की एक जर्सी सेट मैदान बाजार से 600 रुपए में खरीदी है। कई ई-कॉमर्स साइटों पर इसकी कीमत।,100 रुपए से अधिक है। दुकानदारों ने बताया कि जर्सी पर नाम और नंबर छपवाने की भी भारी मांग है। इस बाजार में पिछले 12 साल से दुकान चलाने वाले शोएब ने कहा कि जर्सी पर 10 रुपए में एक अक्षर या नंबर छपा जा सकता है। ऐसा ही खुमार केरल के भी कई शहरों और गांवों में देखने को मिल रहा है।

# अली सिमसिम को तलिस्मन लौटा देगा?

## 'अलीबाबा दास्तान-ए-काबुल'



शो 'अलीबाबा दास्तान-ए-काबुल' में दर्शक अली के चतुराई भरे कारनामों और अपने नूर-ए-निगाह इबलिस को जिंदा करने के लिये सिमसिम की बेचैनी को देखकर रोमांचित हो रहे हैं। पिछले हफ्ते दर्शकों ने अली और सिमसिम का आमना-सामना होते देखा, जिसका वे काफी इंतजार कर रहे थे और तब से ही दर्शक जानना चाहते हैं कि आगे क्या होगा!

'अलीबाबा दास्तान-ए-काबुल' के सबसे हालिया एपिसोड्स में से एक में अली को पूरा तलिस्मन ले जाते देखकर सिमसिम को झटका लगा था। गुस्से में बेकाबू होकर उसने सुल्तान सद्दाम से आवाम को यह कहने के लिये कहा कि तलिस्मन का पता नहीं लगाने पर उन्हें राशन नहीं मिलेगा। दूसरी ओर, अली तलिस्मन की असली ताकत को समझ जाता है और यह भी कि सिमसिम और चालीस चोर क्यों उसके पीछे हैं और अली को पता चल जाएगा कि तलिस्मन से जादू हो सकता है। वह खजाना चुराने, खाना खरीदने और आवाम को देने के लिये एक बार फिर सिमसिम की गुफा में जाने का फैसला करता है, क्योंकि आवाम अमीरों के असली वारिस हैं।

दूसरी ओर, सिमसिम को पता है कि अली अपने लोगों को खाना देने का जुगाड़ करने के लिये वापस गुफा में जाएगा। वह चालाकी दिखाती है और कुछ ऐसा कहती है, जिससे गुफा के भीतर जादू न हो सके और सिमसिम का जादू अली की योजना पूरी नहीं होने देता है। परिणाम में दोनों के बीच बहस होती है और अली को छोड़ने के लिये सिमसिम उससे तलिस्मन की मांग करती है।

आगामी कहानी के बारे में बात करते हुए, सिमसिम का रोल कर रहीं सायंतनी घोष ने कहा, जब अली पहली बार गुफा में आया और उसने तलिस्मन लिया, तब सिमसिम चौंक गई थी और गुस्से में थी। वह ऐलान करती है कि काबुल में खाना नहीं बांटा जाएगा, क्योंकि इबलिस को जिंदा करने के लिये वह कुछ भी कर सकती है। वह जानती है कि अली अपने लोगों के खाने के लिये धन का जुगाड़ करने एक बार फिर गुफा में आएगा। इसके बाद जो होगा, उसे दर्शकों की उत्सुकता के लिये छोड़ देना चाहिये।



# कुंजबाला को पटेल परिवार के घर पर गिरने से लगी चोट

## 'पुष्पा इम्पॉसिबल'

शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' तनाव को खत्म करता है और परिवार के साथ बैठकर देखने के लिये बढ़िया है, जिसका कारण इसके मुख्य किरदार पुष्पा के चुनौतियों से निपटने के मनोरंजक और चतुराई भरे नुस्खे, उसका आशावादी व्यक्तित्व और मशहूर वन-लाइनर्स हैं। पुष्पा पटेल (करूणा पांडे) एक असाधारण महिला है, जिसकी जिंदगी में कई चुनौतियां हैं और हालिया चुनौती उसे बड़ी तकलीफ दे रही है। पटेल परिवार ने अपने घर में अश्विन (नवीन पंडित) की पत्नी दीप्ति का अपनी नई सदस्य के रूप में आधिकारिक स्वागत किया है और यह नया जोड़ा अपने हनीमून की प्लानिंग कर रहा है। हालांकि आने वाले तूफान से पहले खुशियों के पल शांति से भरे होते हैं, क्योंकि दीप्ति (गरिमा परिहार) की दादीमाँ कुंजबाला (केतकी दवे) का पटेल परिवार के यहाँ आना होता है। शादी के बाद दीप्ति की लाइफस्टाइल से कुंजबाला अब भी संतुष्ट नहीं है और अपनी पोती को कई सारे हाउसवेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स तोहफे में देकर उसकी जिंदगी आसान बनाने का फैसला करती है। लेकिन यह फैसला एक आपदा बन जाता है, क्योंकि अब घर में जगह नहीं है और लोगों को चलने-फिरने में मुश्किल हो रही है। इस आपाधापी के बीच कुंजबाला गिर पड़ती है और उसे चोट लग जाती है। पुष्पा की भूमिका निभा रहीं करूणा पांडे ने कहा, पुष्पा और उसका परिवार लंबे समय तक अच्छा वक्त नहीं देख पाता है। शादी के बाद स्थितियां काफी बदलने पर कुंजबाला को अपनी पोती की भलाई की फिक्र है।

# कावेरी नए शो 'दिल दियां गल्लां' में निभाएंगी 'अमृता' की लीड भूमिका

## पंजाब की पृष्ठभूमि पर बने शो 'दिल दियां गल्लां' में पलायन के विषय को उठाया गया है



कावेरी, एक जिम्मेदार, जिद्दी, होशियार और खूबसूरत जवां लड़की, 'अमृता' का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। भले ही अमृता, न्यूयॉर्क में पली-बढ़ी है, लेकिन उसने अपने पेरेंट्स को दुखी देखा है। दरअसल, भारत में रहने वाले उसके दादा-दादी और पेरेंट्स के बीच सालों पहले कोई गलतफहमी हो गई थी। इस शो में कावेरी एक अहम भूमिका निभा रही हैं और परिवार में नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती नजर आ रही हैं।

इस शो में अपनी भूमिका के बारे में, कावेरी प्रियम कहती हैं, मैं तीसरी पीढ़ी को दर्शाने वाला एक बेहद दिलचस्प किरदार निभा रही हूं, जोकि परिवारों में एक नई सोच लेकर आता है। अमृता के किरदार की खूबियां उसकी व्यवहारिकता, समझदारी और जिम्मेदारी के रूप में झलकती है, जोकि मेरी असल जिंदगी से काफी मिलती-जुलती है। मुझे लगता है कि मैं भी अलग-अलग स्थितियों में अमृता की तरह ही मुख्य मुद्दे की तरफ ध्यान दूंगी और वो भी अलग तरीके से। मैं पहली बार इस तरह का किरदार निभा रही हूं, जो मॉडर्न भी है और अपनी जड़ों से भी जुड़ी हुई है। मैं बहुत ज्यादा खुश हूं।

कावेरी ने पहले भी कई महत्वपूर्ण किरदार निभाए हैं और अमृता का यह किरदार, निश्चित तौर पर दर्शकों का दिल जीत लेगा। इस शो में पंकज बेरी भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगे।

# तबस्सुम का निधन, सेलिब्रिटिज ने किया याद

लीजेंड्री एक्ट्रेस और टीवी जगत की फेमस होस्ट तबस्सुम का शुक्रवार को निधन हो गया। कार्डिएक अरेस्ट की वजह से उन्होंने 78 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने तबस्सुम के निधन पर दुख व्यक्त किया है। फिल्म मेकर डेविड धवन, मधुर भंडारकर और अरुण गोविल जैसे सेलिब्रिटिज ने तबस्सुम के निधन पर शोक जाहिर किया है। अरुण गोविल का कहना है कि तबस्सुम की इच्छा थी जब उनकी मौत हो तो इस खबर को दो दिनों तक किसी को न बताई जाए।

डेविड धवन की फिल्म में अंतिम बार आईं थीं नजर

तबस्सुम 70 के दशक की एक जानी-मानी टेलीविजन होस्ट थीं।



उन्होंने करीब 21 साल तक दूरदर्शन के एक टॉक शो को होस्ट किया था। अब उनके दुनिया छोड़ जाने पर कई सेलिब्रिटिज ने रिएक्ट किया है। फिल्म मेकर डेविड धवन ने तबस्सुम के निधन पर कहा- मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान था। उनके साथ काम करना हमेशा से काफी सुखद रहा। बता दें कि तबस्सुम अंतिम बार डेविड धवन की ही फिल्म स्वर्ग में नजर आईं थीं।

**अरुण गोविल के भाई से हुई थी शादी**

तबस्सुम के निधन पर अरुण गोविल ने रिएक्ट करते कहा- मैं बहुत दुखी हूं, मैं ज्यादा कुछ नहीं बोल पाऊंगा। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। तबस्सुम की शादी अरुण गोविल के भाई विजय गोविल से हुई थी। अरुण का कहना है कि ये तबस्सुम की इच्छा थी कि उनके निधन की खबर को दो दिनों तक किसी को नहीं बताया जाए।

**बचपन के तबस्सुम के शो देखा करते थे मधुर भंडारकर**

फैशन जैसी फिल्में बनाने वाले डायरेक्टर मधुर भंडारकर ने भी तबस्सुम के निधन पर संवेदना प्रकट की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- बचपन में हम डीडी नेशनल पर उनका फेमस शो फूल खिले हैं गुलशन गुलशन देखा करते थे। उनके परिवार के सदस्यों और फैंस के प्रति मेरी दिल से संवेदना है।

# सखी के कॉलेज में होने वाला है चुनाव

## 'वागले की दुनिया'

'वागले की दुनिया-नई पीढ़ी नये किस्से' लगातार एक मध्यम वर्गीय आम आदमी के संघर्षों को दिखा रहा है और अब इसमें युवाओं की समस्याओं पर फोकस किया जा रहा है। कॉलेज में चुनाव होने वाले हैं और इसी के साथ कॉलेज के स्टूडेंट्स की चिंतायें भी बढ़ेंगी, क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण घटना है, जो युवा पीढ़ी के नेतृत्वकारी कौशल को बाहर लेकर आती है। तिवारी के बेटे अरुण तिवारी को काफी मुश्किलों के बाद सखी के कॉलेज में दाखिला मिल जाता है और साथ ही उसने राजेश से एक छोटा सा फाइनेंशियल लोन भी लिया है। कॉलेज की पढ़ाई शुरू करने के बाद अरुण को महसूस होता है कि कैंटीन का खाना जैसी बुनियादी चीजों को भी अफोर्ड करना उसके वश की बात नहीं है और कई दूसरे स्टूडेंट्स भी उसके जैसे हालात का ही शिकार हैं। अरुण कॉलेज का चुलाव लड़ने और इस मुद्दे को आगे लेकर जाने का फैसला करता है। यह कहानी काफी दमदार होने वाली है और आने वाला समय ही बता पायेगा कि क्या अरुण कॉलेज की स्थिति को बदल सकता है।

यह चुनाव कॉलेज और स्टूडेंट्स को किस तरह प्रभावित करेगा? सखी और वागले परिवार पर इसका क्या असर होगा?

चिन्मयी साल्वी ऊर्फ सखी वागले ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा, वागले की दुनिया में उठाये गये मुद्दों में अब कॉलेज चुनावों को शामिल किया जा रहा है। दूसरे स्टूडेंट्स की तरह, सखी का कॉलेज अनुभव भी कैम्पस के चुनाव से बहुत ज्यादा प्रभावित होगा। हालांकि, कई कॉलेज उत्कृष्ट शिक्षा की पेशकश करते हैं, लेकिन वे इसके लिये पढ़ाई और आधारभूत संरचनाओं के नाम पर भारी-भरकम फीस भी लेते हैं। शो के आगामी एपिसोड्स में इस मुद्दे, एक आम आदमी के संघर्षों और वह इनसे कैसे मुकाबला करता है, को दिखाया जाएगा।



# धारावी बैंक में सुनील शेट्टी का डिजिटल डेब्यू

## वेब सीरीज

भारत का मनोरंजक सुपर ऐप, एमएक्स प्लेयर प्रारूपों, शैलियों और भाषाओं में कहानी की एक गतिशील सीरीज के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। मूल सीरीज के अपनी मजबूत लाइब्रेरी को बढ़ाते हुए, एमएक्स प्लेयर हाई ऑक्टेन क्राइम थ्रिलर धारावी बैंक के लॉन्च के साथ दर्शकों को लुभाने के लिए पूरी तरह तैयार है। समित कक्कड़ द्वारा निर्देशित, यह 10 एपिसोड की श्रृंखला में सुनील शेट्टी को निर्दयी और अप्राप्य थलाइवन के रूप में अपना डिजिटल डेब्यू करते हुए देखा जाएगा, जिसे विवेक आनंद ओबेरॉय का सख्त पुलिस वाले जेसीपी जयंत गावस्कर के किरदार द्वारा शिकार किया जाता है। धारावी बैंक 19 नवंबर, एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम हुआ। तंग गंदी गलियों, खुले सीवरों और धारावी की तंग झोपड़ियों के अंतहीन खिंचाव को जीवित करते हुए, यह शो एक पुलिस वाले की कहानी बताता है जो एक शक्तिशाली गैंगस्टर को गिराने की कोशिश कर रहा है, जो मुंबई में वास्तविक सरकार है। राष्ट्र के प्रति अपने परिवार और कर्तव्य के लिए कोई कितना कुछ कर सकता है, इस पर प्रकाश डालते हुए, धारावी बैंक एक जटिल कहानी है जो सिर्फ एक अपराध साम्राज्य को नीचे लाने से परे है। अच्छी मात्रा में कार्रवाई, भावना और तबाही के साथ, उनमें से प्रत्येक के लिए, यह परिवार के लिए, सम्मान के लिए, शक्ति के लिए और कर्तव्य के लिए एक लड़ाई है - लेकिन आखिरी बात कौन करेगा?

इस वेब सीरीज के लॉन्च पर, एमएक्स प्लेयर के चीफ कंटेंट ऑफिसर, गौतम तलवार ने कहा, इस जटिल कहानी को धारावी के चक्रव्यूह से जीवंत करने के लिए हमने इंडस्ट्री से कुछ बेहतरीन प्रतिभाओं के साथ जुड़ाव किया है। सुनील शेट्टी की पहली नकारात्मक भूमिका में और विवेक आनंद ओबेरॉय ने ग्रे शेड्स के साथ एक पुलिस वाले की भूमिका निभाई है, इस सीरीज को पावर पैक कलाकारों के एक समूह द्वारा समर्थित किया गया है, जिसमें प्रत्येक अभिनेता इस अपरंपरागत थ्रिलर में अपनी छाया जोड़ रहा है। एमएक्स प्लेयर में हमारा निरंतर प्रयास रहा है कि हम ऐसी कहानियां सुनाएं जो सम्मोहक हों और हम दर्शकों के लिए सार्थक सामग्री बनाने का प्रयास करते हैं। आश्रम, मत्स्य कांड और कैंपस डायरीज जैसे हमारे हालिया मूल के साथ - हमारे दर्शकों की देखने की आदतों को सही मायने में प्रतिबिंबित करते हुए हमारे कंटेंट ने सफलतापूर्वक प्रतिध्वनि क्रिएट की है।

निर्देशक समित कक्कड़ ने आगे कहा, इंदौरी इश्क के बाद एमएक्स प्लेयर के साथ यह मेरा दूसरा जुड़ाव है और मुझे सच में विश्वास है कि हमने इस क्राइम थ्रिलर को एक दिलचस्प बनाने के लिए सभी पड़ावों को पार किया है। मैं एक और महानगर के बारे में नहीं सोच सकता जो आपको मुंबई की तरह महसूस करता है, दिखता है, महकता है और भावनात्मक रूप से चूस लेता है। मैं एक माटुंगा लड़का हूं और मैं धारावी के आसपास के क्षेत्र में पला-बढ़ा हूं इसलिए मेरे लिए यह महत्वपूर्ण था कि हम अपने दर्शकों के लिए इसकी कम ज्ञात दुनिया को सौंदर्य के रूप में चित्रित करें। धारावी में इसकी घुमावदार गलियों की तुलना में बहुत कुछ है और इस मनोरंजक कथा में हमारे प्रत्येक पात्र के लिए आंख से मिलने के अलावा बहुत कुछ है।



थलाइवन की भूमिका निभाने पर सुनील शेट्टी ने कहा, इस बार, यह कहानी सभी टेक्नीशियन और प्रतिभा के बारे में है, यह एक सच्चाई है कि हर कोई इसमें पूरी तरह से शामिल है जिसको लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं। यह कहानी जिस मिनट मुझे सुनाया गया मुझे लगा कि मैं थलाइवन हूं और कहीं न कहीं, मुझे विश्वास हो गया कि इतने सालों के ब्रेक के बाद, मैं स्कूल वापस जा सकता हूं। मैं शायद अपने शिल्प को नहीं भूला हूँ। इसके अलावा, एक पृष्ठभूमि के रूप में धारावी आपको यह महसूस कराती है कि आप भारत में वापस आ गए हैं और यही इस शो की खूबसूरती है।

थलाइवन का पीछा करने और उसके अपराध गठजोड़ को तोड़ने में विवेक आनंद ओबेरॉय द्वारा निबंधित असामान्य पुलिस वाले जेसीपी जयंत गावस्कर हैं। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, विवेक ने कहा, जयंत गावस्कर एक ऐसे पुलिस वाले हैं, जिनके इरादे न्याय दिलाने के लिए ईमानदार हैं। हालाँकि, वह अपने अंत तक पहुँचने के लिए किसी भी साधन का उपयोग करेगा। मेरे लिए, इस पहलू में तल्लीन करना दिलचस्प था जो मुझे शो की पूरी अवधि के दौरान जीने को मिला।

# खूंखार थलाइवन की तरह दिखने के लिए सुनील शेट्टी ने बढ़ाई अपनी उम्र

सुनील शेट्टी उन बॉलीवुड सितारों में से एक हैं जिन पर उनकी बढ़ती उम्र का पता नहीं चलता। 60 साल की उम्र में उन्होंने सफलतापूर्वक युवा आकर्षण और पर्सनालिटी के ज़रिए जीवन के बारे में सभी रूढ़ियों को तोड़ दिया है। अभिनेता हमें समित कक्कड़ के निर्देशन में निर्देशित - एमएक्स ओरिजिनल के नए सीरीज़ 'धारावी बैंक' की एक झलक देते हैं, जहां वह थलाइवन की भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहे हैं - एक शक्तिशाली, निर्दयी और भारत की सबसे बड़ी स्लम - धारावी का अप्राप्य किंगपिन।

इस 63 वर्षीय खलनायक के हिस्से को खूबसूरती से चित्रित करने के लिए, टीम को सुनील को 60+ दिखने के लिए प्रॉस्थेटिक का उपयोग करना पड़ा! इस भूमिका के लिए अभिनेता की कमिटमेंट के बारे में बोलते हुए, निर्देशक समित कक्कड़ ने कहा, ÷अन्ना सुबह डॉट 5 बजे स्थान पर रिपोर्ट करते थे क्योंकि प्रोस्थेटिक्स के इस्तेमाल से उनके बाल और मेकअप करने में 4 घंटे लग जाते हैं। सीरीज में थलाइवन का किरदार अलग-अलग ऐज ग्रुप के साथ फैला हुआ है और इस प्रगति को प्रदर्शित करने के लिए, हमें अन्ना को खुद बूढ़ा बनाना पड़ा क्योंकि वह इतने फिट हैं कि किसी को विश्वास नहीं होगा कि वह बिना प्रोस्थेटिक्स के 63 वर्षीय व्यक्ति की भूमिका निभा रहे हैं।

सुनील शेट्टी ने अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए कहा, जैसा कि मैं हमेशा कहता हूं, उम्र सिर्फ एक नंबर है। मैं केवल सही पोषण और व्यायाम के साथ एक स्वस्थ जीवन शैली जीने की आशा और कामना कर सकता हूं। एक थलाइवन के रूप में मेरा किरदार स्व-निर्मित नेता का है जो धारावी के लोगों का अधिकार और सम्मान करने का आदेश देता है, उन्हें वह अपने परिवार का हिस्सा मानता है। वह 30000 करोड़ रुपये के साम्राज्य का संचालन करता है और उसके चेहरे और मुद्रा में उसकी जिम्मेदारियों और उन अनुभवों को प्रतिबिंबित करना था जो उसने मायावी और सफल रहने के लिए सहे थे। तो, मैं समझता हूं कि हम क्यों प्रोस्थेटिक्स का इस्तेमाल करना पड़ा और भले ही इस लुक को परफेक्ट करने में रोजाना 4 घंटे का समय लगा, लेकिन इसने मेरे किरदार में एक निर्दयी थलाइवन में बहुत अधिक प्रामाणिकता जोड़ दी।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) उप सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)**। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।